RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-326 | जयपुर, बुधवार, 27 मई 2026 | मूल्य-4 रूपये

## चित्तौड़गढ़-उदयपुर हाईवे पर बस पलटी, श्रद्धालु की मौत

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़-उदयपुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी प्राइवेट बस पलट गई। इसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि करीब 30 लोग घायल हैं। ये श्रद्धालु चित्तौड़गढ़ से प्रसिद्ध कृष्ण धाम सांवलियाजी दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसा मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे चित्तौड़गढ़ के भादसोड़ा थाना क्षेत्र के बागुंड के पास हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि बस की छत पर बैठे 20 से 25 यात्री सीधे नेशनल हाईवे की पक्की सड़क पर जा गिरे।

### चंबल अभयारण्य में अवैध खनन का मामला

## सुप्रीम कोर्ट का तीन राज्यों को तत्काल ठोस कदम उठाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चंबल अभयारण्य में लगातार अवैध खनन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस विक्रमनाथ की बेंच ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकारों को प्रभावित इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल सेंसर और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा ये काम युद्ध स्तर पर किया जाए व 6 महीने के अंदर सभी निगरानी व्यवस्था पूरी तरह से चालू होनी चाहिए। साथ ही अवैध खनन में इस्तेमाल वाहनों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।

## राज्य चुनाव आयोग ने हाईकोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी

**जयपुर।** राज्य चुनाव आयोग ने हाईकोर्ट की 15 अप्रैल की डेडलाइन पर चुनाव नहीं कराने को लेकर बिना शर्त कोर्ट में सुनवाई के दौरान आज माफी मांगी। आयोग ने कहा कि सरकार की ओर से जरूरी डेटा उन्हें समय पर नहीं मिला। इसलिए चुनाव कराने में देरी हुई है। चुनाव आयोग के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह और सचिव राजेश वर्मा ने अदालत में पेश जवाब में कहा कि देरी के लिए आयोग सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं है और न ही आयोग ने कोर्ट के आदेश की जानबूझकर अवहेलना की है।

### केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे बीकानेर स्थित सांचू पोस्ट, शहीदों को किया नमन

# सीमा पार से स्मगलिंग और घुसपैठ पर रखें पैनी नजर

### बॉर्डर पर लगेंगे एंट्री ड्रोन सिस्टम, 1096 किमी सड़क बनेंगी

### बीएसएफ, सेना, जागरूक नागरिक और प्रशासन का बनाएं मजबूत चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड

जयपुर



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारे सीमा प्रहरी तेज बारिश, अधिक तापमान, घने जंगल, बर्फीली चोटियों जैसी कठोर परिस्थितियों में देश की सुरक्षा करते हैं। वे कर्तव्यपरायणता, वीरता, साहस और सर्वोच्च बलिदान की भावना के साथ देश की सीमा पर मुस्तैदी से तैनात रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी बीएसएफ के जवानों ने सीमावर्ती जिलों के नागरिकों का हौसला बनाए रखा और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने आश्वस्त किया कि केन्द्र सरकार भारतीय सीमाओं पर तैनात बीएसएफ को आधुनिकतम तकनीक एवं बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री मंगलवार को बीकानेर स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की सांचू पोस्ट पर प्रहरी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी साथ मौजूद रहे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सीमा सुरक्षा के परिदृश्य में आमूलचूल परिवर्तन किया है। सेना और बीएसएफ का आधुनिकीकरण किया गया है। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से अत्याधुनिक उपकरण और संसाधन उपलब्ध करवाए गए हैं तथा आतंकवादियों को मुहतोड़ जवाब देने की नीति अपनाई गई है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सांचू पोस्ट 179वीं बटालियन की महत्वपूर्ण बॉर्डर आउट पोस्ट है। केंद्र सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 1096 किलोमीटर लंबी लिटरल रोड और 520 किलोमीटर लंबी एक्ससीएल रोड बनाई जा रही है। यह जवानों की आवागमन और कनेक्टिविटी सम्बन्धी चिंता को दूर करेगी। उन्होंने कहा कि सीमाओं पर नई डिजाइन की फेंसिंग की जा रही है। सीमा की 180 चौकियों पर पाइपलाइन से पीने का पानी पहुंचाने का काम पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ को परम्परागत ड्यूटी के साथ नई दिशा से भी सोचना होगा। सीमा के उस पार से अतिक्रमण, स्मगलिंग और घुसपैठ पर पैनी नजर रखनी होगी।

### वृक्षारोपण में सीमा प्रहरियों का बड़ा योगदान

उन्होंने बीएसएफ के दो हजार से अधिक शहीद सीमा प्रहरियों को नमन करते हुए कहा कि इन्होंने भारतीय सीमा की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और देश को इन पर गर्व है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण में सीमा प्रहरियों का बड़ा योगदान है। वर्ष 2019 में सीमाओं पर पौधारोपण की विशेष मुहिम चलाई गई। अब तक 7 करोड़ 35 लाख पौधे जवानों द्वारा लगाए गए हैं। आने वाले समय में जलवायु परिवर्तन और पृथवी के तापमान को बनाए रखने में यह उपयोगी साबित होंगे।

### बॉर्डर पर बेटों से भी दो कदम आगे बेटियां

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा में आज बेटियां बेटों से दो कदम आगे है। केंद्र सरकार वर्ष 2030 तक इन बेटियों के लिए सभी सुविधाएं मुहैया करवाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजस्थान में बीएसएफ की सीमा चौकियों पर बेटियों के लिए 40 करोड़ रुपए की लागत से 79 बैरक स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से आज लोकार्पण हुए 14 बैरक सहित 67 का काम पूरा हो चुका है। शेष 12 बैरक का कार्य भी जल्द पूरा हो जाएगा। देश की सीमा चौकियों पर 200 करोड़ की लागत से 360 बैरक बनाए जा रहे हैं।

### जवानों के साथ किया नाश्ता



इस दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीमा पर तैनात जवानों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने जवानों के साथ जलपान एवं संवाद भी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने सीमा चौकियों पर नवनिर्मित 14 महिला बैरकों का ई-लोकार्पण किया। उन्होंने प्रहरी शस्त्र गैलरी का अवलोकन कर आधुनिक ड्रोन तकनीक की कार्यप्रणाली की जानकारी भी ली।

### शाह बोले- बॉर्डर पर लगेंगे एंट्री ड्रोन सिस्टम

शाह ने कहा- ड्रोन और अन्य उपकरणों से नारकोटिक्स और हथियारों की तस्करी होती है तो इसे कठोरता से बंद करने के उपाय हम करेंगे। सरकार अगले 6 महीने में ड्रोन रोधी संयंत्र लगाने की शुरुआत कर रही है। लेकिन ड्रोन यहां की जमीन पर उतरता है, इसे कौन रिसीव करता है, कौन उसके मटेरियल का उपयोग करता है, इस पर हमारी पैनी नजर होनी चाहिए। इसके लिए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### 1096 किलोमीटर लंबी सड़क बनेंगी

राजस्थान के रेगिस्तान में लेटरल रोड के निर्माण का काम शुरू किया है। 1096 किलोमीटर लंबी लेटरल और 520 किलोमीटर लंबी एक्सील रोड दोनों मिलकर बीएसएफ के जवानों के लिए मददगार साबित होंगी। यह कनेक्टिविटी बढ़ाएगी। शाह ने कहा- यहां पर न्यू डिजाइन फेंसिंग लगाने का काम चल रहा है। राजस्थान की 180 चौकियों पर पीने का पानी पाइपलाइन से पहुंचाने का काम पूरा हो चुका है।

## बेंगलुरु लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में

### क्वालिफायर-1 में गुजरात को 92 रन से हराया

धर्मशाला



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु लगातार दूसरे सीजन ढ्ढक्क के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने मंगलवार को क्वालिफायर-1 में गुजरात टाइटंस को 92 रन से हरा दिया। अब गुजरात एलिमिनेटर मुकाबला जीतने वाली टीम से क्वालिफायर-2 खेलेगी। एलिमिनेटर सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच बुधवार को न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। बेंगलुरु ने धर्मशाला में टॉस हारकर 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 254 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 19.3 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गई।

वेंकटेश अय्यर ने 7 गेंदों में 19 रन बनाकर बेंगलुरु को तेज शुरुआत दिलाई। इसके बाद विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने पारी संभाली। आखिरी ओवरों में जितेश शर्मा ने 5 गेंदों पर 15 रन बनाकर टीम को 250 के पार पहुंचाया। गुजरात के लिए कगिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने 2-2 विकेट लिए।

## पोषाहार घोटाला: महिला पर्यवेक्षक समेत 18 गिरफ्तार

### एसीबी ने 8 साल बाद पूछताछ के लिए बुलाकर पकड़ा

### फर्जी चालान, बिल बनाकर करोड़ों रुपए उठाए थे

नागौर



नागौर में करोड़ों रुपए के पोषाहार घोटाले में एसीबी ने 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें 9 महिलाएं और 9 पुरुष अधिकारी और कर्मचारी हैं। एसीबी ने सभी आरोपियों को पूछताछ के लिए नागौर मुख्यालय पर बुलाया था। पूछताछ के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों पर आंगनबाड़ी के पोषाहार के फर्जी चालान और बिल तैयार कर भुगतान उठाने का आरोप है।

एसीबी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के कनिष्ठ लिपिक (एलडीसी), महिला पर्यवेक्षक, एएओ और संविदा कर्मियों को मंगलवार शाम 6 बजे जोधपुर के ACB कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। कार्रवाई सोमवार शाम शुरू हुई थी, मंगलवार सुबह तक चली।

ASP कल्पना सोलंकी ने बताया कि पोषाहार वितरण में 9 करोड़ का घोटाला था। मामले में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अभी एक आरोपी फरार है। जांच रिपोर्ट करीब 29 हजार पेज की तैयार की गई थी।

### कुचामन सिटी से 6 और परबतसर के 4 आरोपी

कुचामन सिटी की महिला पर्यवेक्षक हेमा अग्रवाल, गीता वर्मा, मनीष शेखावत, अंजू शर्मा, संविदा कर्मी राजेंद्र प्रसाद दायमा और विजेंद्र सिंह सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, परबतसर से 4 कार्मिकों खूबचंद भाकर, मूली देवी, संतोष देवी और कमल किशोर को गिरफ्तार किया गया है।

डेगाना से तत्कालीन सीडीपीओ मंजूर पठान, महिला पर्यवेक्षक संतोष चौधरी, ज्याना देवी और डेगाना के AAO राजेंद्र त्रिपाठी के अलावा मकराना की महिला पर्यवेक्षक राजबाला, कुचामन से.ह आनंद प्रकाश, जायल में तैनात एलडीसी दिलीप कुमार और निजी कर्मचारी महेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है।

परबतसर से गिरफ्तार आरोपियों में से एक पहले से निलंबित है, एक सेवानिवृत्त हो चुका है और 2 वर्तमान में कार्यरत हैं। मामले में आरोपी नरेश दायमा अभी फरार है।

## ट्रक में घुसी कार, 3 की मौत

अलवर

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर ड्राइवर को झपकी आने से कार खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक गंभीर घायल है।

हादसा अलवर जिले के बड़ौदामेव थाना क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के हादरा हादरहेड़ा के पास चैनल नंबर 106+980 पर मंगलवार शाम 4 बजे हुआ।

तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पहले पिलर से टकराई। इसके बाद सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया। सूचना मिलते ही बड़ौदामेव थाना पुलिस और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की एंबुलेंस मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया।

हादसे में पंजाब के फिरोजपुर जिले के मलकेई गांव निवासी गुरप्रीत सिंह, सेवक सिंह और सुखविंदर सिंह की मौत हो गई। वहीं संदीप सिंह (27) पिता कश्मीर सिंह गंभीर घायल हो गया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कार ड्राइवर को झपकी आने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और हादसा हो गया।

### अब जिम, ब्यूटी पार्लर, बेकरी-होटल चलाना हुआ महंगा

## राजस्थान सरकार ने पांच गुना तक बढ़ाई लाइसेंस फीस

जयपुर





राजस्थान सरकार ने होटल, रेस्टोरेंट समेत अन्य बिजनेस के लिए हर साल ली जाने वाली लाइसेंस फीस (ट्रेड लाइसेंस फीस) बढ़ा दी है। इसमें जिम, ब्यूटी पार्लर, चाय, फास्ट फूड की मोबाइल शॉप, मिठाई की दुकान, बेकरी समेत अन्य व्यवसाय शामिल है। साल 2017 के बाद सरकार ने इन लाइसेंस फीस में बदलाव किया है। इसमें से कुछ व्यवसाय की ट्रेड लाइसेंस फीस 5 गुना तक बढ़ा दी है। स्वायत्त शासन विभाग से जारी नई रेट लिस्ट के मुताबिक 50 कमरों तक के होटलों के लिए अब लाइसेंस फीस 15 से लेकर 25 हजार रुपए तक हो गई। ये फीस नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका क्षेत्र में अलग-अलग है।

इसी तरह 51 से 100 कमरों तक के होटल के लिए फीस 30 से 50 हजार, 100 से 150 कमरों वाले होटल के लिए 70 हजार से 1 लाख रुपए और 150 से ज्यादा कमरे वाले होटल संचालकों के लिए 1 से 1.5 लाख रुपए लाइसेंस फीस कर दी है।

**सोडा शॉप के लिए 1 हजार रुपए तक शुल्क**

गैस युक्त शीतल पेय (सोडा शॉप) संचालकों के लिए सरकार ने लाइसेंस फीस नगर पालिका क्षेत्र में 600 रुपए, नगर परिषद क्षेत्र में 700 रुपए और नगर निगम क्षेत्र में 1 हजार रुपए निर्धारित किया है।

**5 गुना तक बढ़ाई लाइसेंस फीस:** जिम चलाने के लिए ये शुल्क (नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम) 3 हजार, 3500 रुपए और 5 हजार रुपए निर्धारित की है। जबकि साल 2017 में शुल्क 500, 1000 और 2 रुपए था।

## निर्माणाधीन कुआं धंसा, पांच की मौत

पन्ना

पन्ना के अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम बीहरपुरवा के नयापुरवा में खेत पर कुएं की खुदाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। पांच मजदूरों की मौत हो गई है। बिन्नू अहिरवार के खेत में पिछले करीब 10 दिनों से सात मजदूर कुएं की खुदाई कर रहे थे। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अचानक मिट्टी धंसने से पूरा घटनाक्रम मातम में बदल गया।

पन्ना जिले के जनसंपर्क अधिकारी ने एक्स पर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बीहरपुरवा के नयापुरवा में मंगलवार को ग्राम पंचायत द्वारा निर्माणाधीन कुआं की मिट्टी धंसने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में पांच व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। दो व्यक्ति सकुशल बाहर निकले गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, खुदाई के दौरान दो मजदूर पानी पीने के लिए ऊपर आए ही थे कि अचानक कुएं की मिट्टी भरभराकर धंस गई और अंदर काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए।

हादसे में दबे मजदूरों के नाम चुन्नू यादव, राजकुमार यादव, आशीष यादव और चुनवाद पाल बताए जा रहे हैं। रेस्क्यू के दौरान राजकुमार यादव का शव बाहर निकाल लिया गया है।

### नई दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर बोले

# इंडो-पैसिफिक को सुरक्षित रखना हमारी साझा जिम्मेदारी

नई दिल्ली

देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत ने वैश्विक सुरक्षा और विकास को लेकर एक बड़ा संदेश दिया है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को बैठक को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि एक स्वतंत्र, खुला और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाना भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की साझा जिम्मेदारी है।

उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि वैश्विक आर्थिक विकास और दुनिया की स्थिरता को बनाए रखने के लिए इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को हमेशा एक प्रमुख चालक बने रहना होगा।



### 18 महीनों में तीसरी बार मिले क्वाड के नेता

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि पिछले 18 महीनों से भी कम समय में यह हमारी तीसरी बैठक है। इस बैठक में हम दुनिया के सामने मौजूद तमाम चुनौतियों और अवसरों को ध्यान में रखकर अपनी साझा रणनीतियों और गतिविधियों पर फैसला करेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमारा मुख्य ध्यान पूरी तरह से इंडो-पैसिफिक क्षेत्र पर ही केंद्रित रहेगा, जो कि क्वाड समूह का सबसे प्राथमिक और विशिष्ट दायित्व है।

### क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर पर सुधार की जरूरत

वैश्विक स्तर पर आ रही आर्थिक और व्यापारिक दिक्कतों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि हमें दुनिया भर में सप्लाई चेन की मजबूती, कनेक्टिविटी के चोक पॉइंट्स, मैन्युफैक्चरिंग और संसाधनों के अत्यधिक केंद्रीकरण को ठीक करना होगा।

इसके साथ ही महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में मौजूद कमियों को दूर करने की तत्काल आवश्यकता है। इन सभी चुनौतियों से निपटने के लिए मजबूत और पारदर्शी वैश्विक साझेदारियां ही सबसे बड़ा समाधान हैं।

### इन क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है क्वाड

जयशंकर ने बताया कि पिछले कई महीनों में क्वाड के वरिष्ठ अधिकारियों ने मिलकर कई अहम मोर्चों पर सहयोग को तेजी से आगे बढ़ाया है। इसमें मुख्य रूप से समुद्री सुरक्षा, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी, आर्थिक लचीलापन और मानवीय सहायता व आपदा राहत जैसे मुख्य विषय शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों, बहुलवादी समाजों और बाजार आधारित अर्थव्यवस्थाओं वाले देश होने के नाते हम एक सुरक्षित समुद्री मार्ग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## एक्सप्रेस-वे पर एसी बस पलटी, 7 की मौत

### खिड़कियों से गिरे लोग, 25 घायल

उन्नाव



उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर.ष्ट बस मंगलवार सुबह करीब 5 बजे अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दरोगा-कैदी समेत 7 यात्रियों की मौत हो गई। 3 पुलिसकर्मी समेत 25 लोग घायल हैं। दिल्ली से बिहार जा रही बस में 36 यात्री सवार थे।

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस तेज रफ्तार में थी। अचानक ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया। बस डिवाइडर से टकराकर किनारे लगी रेलिंग पर लटक गई। इससे कई यात्री बस की खिड़कियों से एक्सप्रेस-वे के नीचे गिर गए। एक का पैर कटकर अलग हो गया।

हादसा औरास थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 262 के पास हुआ। मृतकों में बिहार के सीवान पुलिस लाइन में तैनात दरोगा रामचंद्र राम (59) और गुरुग्राम निवासी कैदी छत्तरपाल सिंह तोमर (59) भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, सीवान पुलिस की टीम 24 मई को कैदी को गुरुग्राम कोर्ट में पेशी के लिए लेकर गई थी।

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। एक्सप्रेस-वे के बगल में ढलान वाली जगह पर घायल तड़पते रहे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। 6-7 एंबुलेंस की मदद से 32 घायलों को पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। फर्श पर खून ही खून फैल गया। घायल दर्द से कराहते रहे।

## एनटीए की कार्यशैली पर सवालिया निशान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें : कांग्रेस

रांची( एजेंसी) । कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने नीट परीक्षा विवाद को सिर्फ पेपर लीक तक सीमित नहीं बताते हुए पूरे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है ।उन्होंने कहा कि यह सिर्फ नीट घोटाला नहीं, बल्कि एनटीए घोटाला है. इसकी सीबीआई एवं ईडी से जांच करायी जानी चाहिये ।साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की ।कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर अंबा प्रसाद ने कहा कि एनटीए देश में केवल नीट ही नहीं, बल्कि इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और वैज्ञानिक क्षेत्रों सहित 21 से अधिक परीक्षाएं आयोजित करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 में पारदर्शिता और केंद्रीकरण के नाम पर गठित एनटीए अब छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 23 लाख छात्र नीट परीक्षा से प्रभावित हुए हैं, लेकिन अब तक जवाबदेही तय नहीं हुई है ।उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक मामले में कुछ कोचिंग संचालकों, दलालों और छोटे व्यापारियों पर कार्रवाई हुई, लेकिन शिक्षा मंत्रालय और एनटीए प्रबंधन पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। सुश्री प्रसाद ने कहा कि यदि नीट जैसी परीक्षा प्रभावित हो सकती है, तो एनटीए द्वारा आयोजित अन्य परीक्षाओं की निष्पक्षता पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है ।कांग्रेस नेता ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष कानून बनाया जाना चाहिए और पेपर लीक मामलों की जांच विशेषज्ञ एजेंसी से करायी जानी चाहिये। दोषियों के लिए कठोर सजा का प्रावधान भी होना चाहिये। प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, प्रवक्ता सोनल शांति समेत अन्य नेता उपस्थित थे।

## जिला जेल दंतेवाड़ा परिसर एवं परिसर के आस–पास के क्षेत्र को ''नो फ्लाई जोन'' घोषित

दंतेवाड़ा (एजेंसी)। कार्यालय अधीक्षक जिला जेल जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला जेल दंतेवाड़ा के संपूर्ण परिसर एवं आस–पास के क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से भारतीय सुरक्षा संहिता–2023 की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं स्थानीय पुलिस तथा सुरक्षा एजेंसियों से परामर्श उपरांत जिला जेल दंतेवाड़ा के सम्पूर्ण परिसर के चारों दिशाओं में 200 मीटर की दूरी तक के क्षेत्र को ''नो फ्लाई जोन''घोषित किया जाता है। क्योंकि बिना अनुमति ड्रोन का संचालन जेल परिसर क्षेत्र में सुरक्षा उल्लंघन एवं अवैध निगरानी को बढ़ावा दे सकता है। तद्नुसार – कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व लिखित अनुमति जिला दण्डाधिकारी अथवा सक्षम सुरक्षा प्राधिकरण की अनुमति प्राप्त किए बिना इस क्षेत्र में किसी प्रकार के ड्रोन मानवरहित विमान का संचालन नहीं करेगा। अधिसूचित क्षेत्र मंत किसी भी प्रकार की अनाधिकृत ड्रोन गतिविधि दण्डनीय अपराध मानी जाएगी एवं संबंधित कानूनों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी।

## 14 साल लड़की ने अस्पताल के बाथरूम में बच्ची को दिया जन्म

### -पुलिस ने करीबी रिश्तेदार को किया गिरफ्तार, पॉक्सो के तहत मामला दर्ज

रांची (एजेंसी)। झारखंड के गिरिडीह जिले में एक किशोरी ने सरकारी अस्पताल में बच्ची को जन्म देने के बाद रेप के आरोप में एक युवक को रविवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि नाबालिग लड़की ने शुक्रवार शाम को अस्पताल के बाथरूम में एक बच्ची को जन्म दिया, जिसके बाद अस्पताल कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। संभागीय पदाधिकारी ने बताया कि पीड़िता के पिता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई और शनिवार को बेंगाबाद पुलिस थाना क्षेत्र से लड़की के एक करीबी रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि लड़की का बयान एक महिला पुलिस अधिकारी ने दर्ज किया और पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया है। रिपोर्ट में एक अधिकारी ने बताया कि अस्पताल पहुंचने के तुरंत बाद लड़की बाथरूम गई, जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया। उन्होंने बताया कि बाद में उसने अस्पताल परिसर से निकलने की कोशिश की, लेकिन कर्मचारियों ने उसे रोक लिया और पुलिस को सूचना दी। उन्होंने कहा कि मां और नवजात शिशु को बाद में एम्बुलेंस से दूसरे चिकित्सा केंद्र में ले जाया गया। दोनों स्वस्थ हैं और चिकित्सकीय निगरानी में हैं।


## ट्विशा शर्मा मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त, मीडिया से संयम बरतने की अपील

नई दिल्ली (एजेंसी)। मॉडल और अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान मीडिया और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की। मामले की सुनवाई तीन सदस्यीय पीठ कर रही है, जिसकी अध्यक्षता भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत कर रहे हैं। अदालत ने कहा कि मामले को लेकर मीडिया में आ रहे बयानों और चर्चाओं से जांच प्रभावित हो सकती है, इसलिए किसी भी पक्ष को सार्वजनिक बयानबाजी से बचना चाहिए। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि मृतका की सास एक पूर्व जिला न्यायाधीश हैं और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्यायपालिका पर ट्रायल में देरी के आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने मीडिया से अपील की कि वह रिश्तेदारों और परिचितों के बयानों को सनसनीखेज तरीके से पेश न करे। अदालत ने यह भी कहा कि जांच प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में पूरा होने दिया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सरकार ने कहा कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। नोएडा निवासी ट्विशा शर्मा 12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स क्षेत्र स्थित अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकी मिली थीं। ससुराल पक्ष ने इसे आत्महत्या बताया है, जबकि ट्विशा के परिवार ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में ट्विशा के पति समर्थ सिंह और उनकी मां गिरिबाला सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भोपाल की एक अदालत ने समर्थ सिंह को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। वहीं गिरिबाला सिंह ने कहा है कि पुलिस ने अब तक इस मामले में उनका बयान दर्ज नहीं किया है। मामले को लेकर लगातार राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम करें और मीडिया रिपोर्टिंग तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए।

# एथेनॉल आधारित स्टोव से सस्ता होगा खाना बनाना

### – नितिन गडकरी ने पेश की स्वदेशी तकनीक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश में विकसित एथेनॉल आधारित स्वदेशी कुकिंग स्टोव तकनीक का अनावरण करते हुए दावा किया है कि इस तकनीक से खाना बनाने की लागत एलपीजी गैस की तुलना में कम होगी। नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह तकनीक न केवल घरेलू ऊर्जा खर्च को कम करने में मदद करेगी, बल्कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम साबित हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने युवाओं में विज्ञान और नवाचार के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए 40 करोड़ रुपये की नई परियोजना शुरू करने की भी घोषणा की। गडकरी ने बताया कि इस नए स्टोव में एथेनॉल और पानी के मिश्रण का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि केवल 7 प्रतिशत एथेनॉल को पानी में मिलाकर ऐसी लौ तैयार की जा सकती है, जो खाना पकाने के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। उनके अनुसार यह तकनीक पूरी तरह स्वदेशी है और भारतीय वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों द्वारा विकसित की गई है। उन्होंने कहा कि यदि इसे बड़े स्तर पर लागू किया जाता है, तो यह एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भरता कम



कर सकता है और आम लोगों के लिए रसोई गैस का सस्ता विकल्प बन सकता है।

केंद्रीय मंत्री लंबे समय से एथेनॉल को वैकल्पिक ईंधन के रूप में बढ़ावा देते रहे हैं। उनका मानना है कि एथेनॉल के इस्तेमाल से भारत की आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम होगी और किसानों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा। वर्तमान में भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 87 प्रतिशत हिस्सा विदेशों से आयात करता है, जिससे ऊर्जा सुरक्षा सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी कारण केंद्र सरकार लगातार पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। वर्ष 2014 में जहां पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण का स्तर केवल 1.53 प्रतिशत था, वहीं अब यह बढ़कर 20 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। गडकरी ने कहा कि एथेनॉल आधारित स्टोव तकनीक घरेलू रसोई के क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकती है। देश के करोड़ों परिवार आज भी एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भर हैं और लगातार बढ़ती कीमतों से प्रभावित होते हैं। ऐसे में यह तकनीक सस्ती, पर्यावरण अनुकूल और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध विकल्प प्रदान कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दे रही है। इसी उद्देश्य से 40 करोड़ रुपये की परियोजना शुरू की जा रही है, जिससे बच्चों और युवाओं में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित की जा सके।

## गुजरात से पहली बार कांग्रेस का नहीं होगा कोई राज्यसभा सांसद

गांधीनगर (एजेंसी)। गुजरात में कांग्रेस पार्टी के लिए एक और बेहद चिंताजनक खबर है। राज्य में लगातार घटते जनाधार के बीच अब देश के सर्वोच्च सदन (राज्यसभा) में भी पार्टी का वजूद पूरी तरह सिमटने जा रहा है। गुजरात से कांग्रेस के एकमात्र राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल का कार्यकाल आगामी 21 जून को समाप्त हो रहा है। इसके बाद इतिहास में ऐसा पहली बार होगा, जब राज्यसभा में गुजरात से कांग्रेस का एक भी प्रतिनिधि नहीं बचेगा। गुजरात की 4 राज्यसभा सीटों के लिए आगामी 18 जून को चुनाव होने जा रहे हैं। वर्तमान राजनीतिक समीकरणों को देखें तो इन सभी सीटों पर भाजपा की जीत तय मानी जा रही है। 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा में भाजपा के पास 162 विधायकों का भारी बहुमत है। वहीं, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस सिमटकर महज 12 विधायकों पर आ गई है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के 5, समाजवादी पार्टी का 1 और दो निर्दलीय विधायक हैं। इस संख्या बल के कारण कांग्रेस के पास नया सांसद चुनने की कोई उम्मीद नहीं बची है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, इन सीटों के लिए 1 जून को नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 8 जून है, जबकि 9 जून को पर्चों की जांच होगी। उम्मीदवार 11 जून तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। यदि आवश्यक हुआ तो 18 जून को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक गांधीनगर स्थित विधानसभा परिसर में मतदान होगा और उसी दिन शाम 5 बजे से मतों की गिनती शुरू हो जाएगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया 20 जून तक संपन्न कर ली जाएगी। गौरतलब है कि गुजरात में राज्यसभा की कुल 11 सीटें हैं। इनमें से वर्तमान में 10 सीटों पर भाजपा का कब्जा है और एकमात्र सीट कांग्रेस के पास थी, जो अब हाथ से निकल जाएगी। शक्तिसिंह गोहिल के अलावा जिन अन्य तीन सांसदों का कार्यकाल 21 जून को खत्म हो रहा है, उनमें भाजपा के नरहरि अमीन, रमीला बारा और राम मोकारिया शामिल हैं।

## अपराधियों के सम्राट जवाब दें कि पिछले 1 महीने में ही बिहार से 8 हजार 681 बच्चे गायब क्यों हुए?- नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव



**पटना(एजेंसी)।** बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य की सम्राट सरकार पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा, आज समूचे बिहार की महिलाएं, बच्चे और आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। डायलॉग बाजी से ही बिहार सम्भालने की गलतफहमी पाले बैठे 'बयान बहादुर' की सरकार में बिहार की कानून व्यवस्था इतनी बुरी तरह खराब हो चुकी है कि पिछले 1महीने में ही बिहार से 8 हजार 681 बच्चों के गायब हुए है, जिसमें 85 फीसद लड़कियां हैं। बिहार में प्रतिदिन अनेकों दुष्कर्म की जघन्य घटनाएं घटती है। घर में घुसकर महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया जाता है। चंद दिनों में 75 से अधिक दुष्कर्म एवं सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। स्वर्णकारों के साथ दिनदहाड़े लूट की घटनाएँ होती है। हर जिले में हर दिन हत्या, लूट और चोरी की वारदात हो रही है। लेकिन इसके बावजूद पूरे जीवन में बार-बार राजनीतिक गमछा और चश्मा बदलने वाले असहाय मुख्यमंत्री 'एआई तकनीकयुक्त कैमरा' का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि आर्टिफिशियल बातें करने वाले आर्टिफिशियल सीएम को न तो बिहार की फिक्र है और न ही बिहारवासियों की। बिहार की एनडीए सरकार में पहले रेप पीड़िता नीट छात्रा की हत्या और अब पॉलिटेक्निक परीक्षा देने पटना आई नाबालिग छात्रा के साथ होटल में छेड़छाड़ और अपहरण का प्रयास, बिहार में 'अपराधियों के सम्राट रूप धारण करने का प्रमाण है।' बिहार के अलग-अलग जिलों की छात्राएं पटना में रहकर पढ़ाई करती है लेकिन एनडीए राज में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा बेहद चिंताजनक है। नारी 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक, पटना महिलाओं के लिए देश का सबसे असुरक्षित शहर है। तेजस्वी यादव कहते कि पाताल से अपराधियों को ढूंढ़ने का दावा कर डायलॉग बांचने वाले कृत्रिम तरीके से नॉमिनेटेड मुख्यमंत्री बने 'अपराधियों के सम्राट' की सरकार में पुलिस और कानून का डर पूरी तरह से खत्म हो चुका है। बड़बोले मुख्यमंत्री से आग्रह है कि टपोरियों की तरह सड़कछाप डायलॉगबाजी छोड़, रीलबाजी से फुर्सत निकाल कर बिहार की मातृशक्ति की सुरक्षा के लिए कारगर उपाय करें। हम महिलाओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होने देंगे।

# अचानक सिद्धारमैया को दिल्ली बुलावा, नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें शुरू

### आज होने वाली बैठक के एजेंडे में संगठनात्मक और चुनावी रणनीतियां शामिल

**बैंग्लुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक कांग्रेस में सीएम पद को लेकर चल रही अंदरूनी कलह और खींचतान के बीच एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। मंगलवार को सीएम सिद्धारमैया को दिल्ली बुलाया है, जहां वे कांग्रेस आलाकमान के साथ बैठक करेंगे। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अपनी इस यात्रा के दौरान सिद्धारमैया कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी से भी मुलाकात कर सकते हैं। बुलावे के बाद राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही अटकलें एक बार फिर तेज हो गई हैं।



आधिकारिक तौर पर इस बैठक के एजेंडे में आगामी संगठनात्मक और चुनावी रणनीतियां शामिल हैं। माना जा रहा है कि सिद्धारमैया आलाकमान के साथ बैठक में इन मुख्य विषयों पर चर्चा कर सकते हैं जिसमें आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन और रणनीति पर बात होना तय है। कर्नाटक में होने वाले आगामी विधान परिषद चुनावों की तैयारियों और टिकट बंटवारे को लेकर भी मंथन होगा। हालांकि, राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इन चुनावों के बहाने असली बातचीत राज्य सरकार के नेतृत्व और सीएम की कुर्सी को लेकर होना है।

बता दें इससे पहले 20 मई को, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सिद्धारमैया और शिवकुमार के साथ बातचीत की थी। सूत्रों के मुताबिक खड़गे तिरुवनंतपुरम से सिद्धारमैया, शिवकुमार और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बेंगलुरु आए थे। बाद में सोमवार को उन्होंने राज्य के ऊर्जा मंत्री के जे जॉर्ज के आवास पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में राज्य में हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों और सीएम पद को लेकर चल रही लगातार अटकलों पर चर्चा हुई।

यह घटनाक्रम कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के तीन साल पूरे होने के बाद सामने आया। साथ ही, यह सीएम पद को लेकर सिद्धारमैया और उनके उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के बीच चल रही लंबी सत्ता की खींचतान के बीच हुआ है। पिछले साल नवंबर में जब कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल का आधा सफर पूरा कर लिया, तो नेतृत्व-साझेदारी का मुद्दा और भी जोर पकड़ गया। इससे इन दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच रोटेशनल मुख्यमंत्री की व्यवस्था को लेकर अटकलें फिर से तेज हो गई हैं।

बता दें पिछले 18 महीनों से शिवकुमार के समर्थक दावा करते आ रहे हैं कि वह जल्द ही सीएम का पद संभाल लेंगे, हालांकि अभी तक ऐसा कोई बदलाव नहीं हुआ है। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि पिछले तीन सालों से एक ही बात दोहराई जा रही है। राज्य इकाई के भीतर असंतोष बढ़ रहा है। कई नेता आलाकमान से आग्रह कर रहे हैं कि इस भ्रम को जल्द से जल्द खत्म किया जाए। उनका तर्क है कि यह लंबी अनिश्चितता कर्नाटक में पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। अब तक केंद्रीय नेतृत्व ने कई कारणों का हवाला देते हुए इस पर कोई अंतिम फैसला लेने से परहेज़ किया है।

## मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की चेतावनी – सबका हिसाब होगा

कोलकाता( एजेंसी )। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं पर हुए कथित हमलों को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि वर्ष 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद हुई हिंसा की कानूनी जांच कराई जाएगी और पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा। नंदीग्राम में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर हुए हमलों का पूरा रिकॉर्ड रखा गया है और समय आने पर कानून के तहत कार्रवाई होगी। हालांकि उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कानून हाथ में न लेने की भी अपील की। मुख्यमंत्री के रूप में जीत के बाद पहली बार नंदीग्राम पहुंचे शुभेंदु अधिकारी ने इस क्षेत्र को अपनी राजनीतिक यात्रा का केंद्र बताते हुए भावुक अंदाज में कहा कि यहां के लोगों ने उन्हें हमेशा समर्थन दिया और कई लोगों ने उनके लिए संघर्ष भी किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद कई भाजपा समर्थकों के घर तोड़े गए और अनेक लोगों पर हमले हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे किसी प्रकार की प्रतिशोधात्मक कार्रवाई न करें, क्योंकि भाजपा इस तरह की राजनीति में विश्वास नहीं करती। अधिकारी ने कहा कि उन्हें हर घटना याद है और किसी भी पीड़ित को न्याय से वंचित नहीं किया जाएगा।

# सड़कों पर जानवर चलते हैं और लोग थूकते, पेशाब भी करते हैं वहां नमाज जायज नहीं

### –मौलाना रशीदी ने सीएम योगी का किया समर्थन, मुस्लिमों को पिटवाना चाहती हैं पार्टियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन (एआईआईए) के प्रमुख मौलाना साजिद रशीदी ने सड़क पर नमाज को लेकर शिफ्ट में नमाज को जायज ठहराते हुए कहा कि सड़क नापाक होती है और इसलिए वहां मुसलमानों के इबादत नहीं करनी चाहिए। रशीदी ने कहा कि सड़क पर जानवर भी चलते हैं और लोग थूकते, पेशाब भी करते हैं। उन्होंने मुसलमानों को उकसाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ पार्टियां उन्हें पिटवाना चाहती हैं।



एक यूट्यूब चैनल से बातचीत में मौलाना रशीदी ने सड़क पर नमाज ना पढ़ने का सीएम योगी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सीएम का बयान बिलकुल सही है। हमने कोरोना काल में भी नमाजे शिफ्ट में पढ़ी हैं। उन्हें पता है कि शिफ्ट में नमाज हो सकती है, इसलिए उन्होंने ऐसा बयान दिया है। पूरे देश और प्रदेश में किसी मौलवी ने उनका खंडन नहीं किया। कोई खंडन कर रहा है तो वह कांग्रेस-सपा के लोग या उनसे जुड़े नेता हैं। उनको पता नहीं दीन के बारे में कि नमाज शिफ्ट में भी पढ़ी जा सकती है।

मौलाना रशीदी ने इस्लाम के दो सिद्धांतों का जिक्र करते हुए बताया कि क्यों सड़क पर नमाज पढ़ना जायज नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लाम का बुनियादी सिद्धांत है कि नमाज नापाक जगह पर नहीं पढ़ी जा सकती है। सड़क पाक नहीं हो सकती है, कैसे पाक होगी जब उस पर लोग, जानवर चलते हैं, थूकते हैं और पेशाब भी करते हैं। सबकुछ होता है तो कैसे नमाज हो सकती है। दूसरा सिद्धांत यह है कि वह मुसलमान नहीं हो सकता है जिससे किसी दूसरे को तकलीफ पहुंचे। अगर आप सड़क जाम करते हैं तो लोगों तकलीफ भी हो सकती है।

मौलाना साजिद रशीदी ने कहा कि कुछ समय पहले तक कुछ मुसलमान अपराधों में लिप्त थे, लेकिन बीजेपी सरकार आने के बाद अब वे शिक्षा की राह पर चल रहे हैं। रशीदी ने कहा कि पहले कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने जो फ्री हैंड दिया था मुसलमानों को उससे कई कमियां आ गईं। उससे मुसलमानों का भला नहीं हुआ, शिक्षा से दूर हो गए। कई बुराइयां उनमें आ गईं। आज मुसलमान 15-20 साल से और जब से बीजेपी सरकार आई है मुसलमानों ने बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया है। चाहे गरीब मजदूर है वह भी पढ़ा रहा है।

रशीदी ने कहा कि बुलडोजर ऐक्शन को लेकर कहा कि यह उन लोगों के खिलाफ रहा है जो गलत काम में शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि अक्लमंदी इसी में है कि हवा के खिलाफ मत चलो। सपा से जुड़े एक सवाल पर रशीदी ने कहा कि हमें नहीं चाहिए ऐसी पार्टी जिसका मकसद यह हो कि मुसलमान नमाज के लिए सड़क पर उतरे, उनकी पिटाई हो, मुकदमे लगे, जेल जाएं और उनके घर टूटे। क्या अखिलेश यादव बनवा देंगे घर किसी का। आजम खान को तो बचा नहीं पाए।

# बीजेपी के माननीय दिखावटी चिट्ठियां लिखकर अपनी राजनीतिक जमीन बचा रहे

### –सपा अध्यक्ष अखिलेश ने प्रदेश में गहराते बिजली संकट पर सरकार को घेरा



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने प्रदेश में गहराते बिजली संकट और भीषण गर्मी को लेकर बीजेपी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जनता के बढ़ते आक्रोश से भयभीत बीजेपी विधायक और सांसद अब दिखावटी चिट्ठियां लिखकर अपनी राजनीतिक जमीन बचाने में जुटे हैं। अखिलेश ने आरोप लगाया कि यह जनहित की चिंता नहीं, बल्कि आगामी चुनावों से पहले डूबती बीजेपी से दूरी बनाकर अपनी सियासत सुरक्षित करने की कोशिश है, जबकि बिजली संकट और अव्यवस्था का खामियाजा आम जनता भुगत रही है।

अखिलेश ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि यूपी में असहनीय 'महा विद्युत आपदा' की वजह से लगातार बढ़ते आक्रोश से बचने के लिए भयभीत भाजपाई विधायक-सांसद दिखावटी चिट्ठियों के रूप में जिस 'कागजी कवच' से खुद को बचाना चाह रहे हैं, वह चिट्ठी दरअसल अपनी सरकार को लिखा कोई 'जनहित का पत्र' नहीं, बल्कि बीजेपी रूपी डूबते जहाज को छोड़कर आगामी चुनावों में विपक्ष से टिकट पाने के लिए लिखा गया 'आवेदन पत्र' है। उन्होंने लिखा कि हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते। इस जानलेवा गर्मी में परिवारों के बड़े-बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की व्यवस्था में जुटी महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, यह केवल परिवार वाले ही समझ सकते हैं। अखिलेश ने कहा कि कभी आपदा में अवसर ढूंढने वालों ने अवसर की जगह जिस 'अफसर' को ढूंढा था, वही अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा है। समस्या का समाधान पूछने पर दोनों हाथ खड़े करके नारे लगाकर बच निकलने वालों के रहते समस्या नहीं सुलझेगी। अखिलेश ने कहा कि यूपी की बीजेपी सरकार भी जानती है कि अब वह कभी वापस नहीं आएगी, इसलिए वह जनता की मुश्किलों और मांगों को पूरी तरह नजरअंदाज करके बस अपने खजाने भरने में लगी है।

# जैसलमेर में डंपिंग यार्ड में मिलीं सैकड़ों मृत गायें, वायरल वीडियो के बाद प्रशासन पर उठे सवाल

**जैसलमेर (एजेंसी)।** राजस्थान के जैसलमेर जिले से सामने आई एक दर्दनाक घटना ने गौ संरक्षण और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर बहस छेड़ दी है। नगर परिषद क्षेत्र के कचरा डंपिंग यार्ड में बड़ी संख्या में मृत गायों के सड़े हुए शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों और गौ सेवकों में भारी आक्रोश फैल गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में खुले मैदान में सैकड़ों गायों के शव पड़े दिखाई देने के बाद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। घटना के सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर रामगढ़ मार्ग पर नगर परिषद का डंपिंग यार्ड स्थित है। रविवार को वायरल हुए वीडियो में वहां बड़ी संख्या में मृत गायों के शव दिखाई दिए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से मृत पशुओं के उचित निस्तारण की व्यवस्था नहीं की जा रही थी, जिसके कारण यह स्थिति पैदा हुई। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बदबू और गंदगी का माहौल बना हुआ था, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

बताया जा रहा है कि नगर परिषद ने मृत पशुओं के निस्तारण का कार्य एक अधिकृत हड्डी ठेकेदार को सौंप रखा था। आरोप है कि समय पर शवों को हटाने और उनका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण नहीं किए जाने के कारण बड़ी संख्या में मृत पशु डंपिंग यार्ड में जमा होते गए। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय नागरिकों और गौ प्रेमियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जैसलमेर जिला कलेक्टर अनुपमा जोरवाल ने अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। वहीं नगर परिषद आयुक्त लजपाल सिंह सोढा ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है। प्रशासन का कहना है कि घटना की जानकारी मिलते ही डंपिंग यार्ड से मृत पशुओं को हटाकर उनका निस्तारण कराया गया है। साथ ही पूरे मामले की जांच की जा रही है, ताकि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने गौ संरक्षण को लेकर सरकार और प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि केवल मंचों से गौ सेवा और गौ रक्षा की बातें करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। इसके लिए जमीनी स्तर पर मजबूत व्यवस्थाएं तैयार करनी होंगी। लोगों ने गौशालाओं में बेहतर सुविधाएं, पर्याप्त चारे-पानी और पशुओं के समय पर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। स्थानीय गौ सेवकों ने दावा किया कि जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां का दृश्य बेहद भयावह था। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में शव खुले में पड़े थे और दुर्गंध के कारण वहां खड़ा रहना मुश्किल हो रहा था। गौ सेवक हुक्मदान ने कहा कि जिस समाज में गाय को माता का दर्जा दिया जाता है, वहां इस तरह की घटनाएं चिंता का विषय हैं। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों



से जवाबदेही तय करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। यह मामला अब प्रदेश में गौ संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं और उनकी वास्तविक स्थिति पर बड़ा सवाल बनकर उभरा है।

# 'वंदे गंगा' में जनता गायब, अफसरों की फोटोबाजी हाजिर! जल बचाने निकले अधिकारी, पर सूचना ही बहा दी नाले में!

## तालाब सूखे हों या अभियान, कागजों में सब लबालब!

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शाहपुरा में इन दिनों 'वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान 2026' की बड़ी चर्चा है। चर्चा इसलिए नहीं कि लोग जल संरक्षण को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं, तालाबों की पालों पर फावड़े चल रहे हैं या गांव-गांव में जल चेतना की गूंज सुनाई दे रही है। चर्चा इसलिए है क्योंकि अभियान का उद्घाटन ऐसा हुआ कि जनता को पता ही नहीं चला कि कोई अभियान शुरू भी हुआ है या नहीं!

प्रदेश सरकार ने गंगा दशहरा के पावन अवसर पर बड़े उद्देश्य के साथ इस अभियान की शुरुआत की। मंशा साफ थी कृ पानी बचाओ, भूजल बढ़ाओ, तालाब संवारो, पर्यावरण बचाओ और जनता को जोड़ो। सरकार चाहती थी कि यह अभियान सरकारी फाइलों से निकलकर जन आंदोलन बने। गांव का किसान, शहर का नागरिक, पर्यावरण प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी, महिलाएं और मीडिया सब इसकी ताकत बनें, लेकिन शाहपुरा में कुछ अधिकारियों ने शायद 'जन अभियान' का अर्थ 'जनता से दूर अभियान' समझ लिया।

बताते हैं कि अभियान का शुभारंभ बड़े ठाठ से उम्मेदसागर बांध पर किया गया। सरकारी गाड़ियां पहुंची, कुर्सियां लगीं, फोटो खिंचे, कुछ भाषण हुए और फिर सरकारी वेबसाइट पर तस्वीरें अपलोड कर अभियान को सफल घोषित करने की तैयारी भी पूरी हो गई। बस एक छोटी सी कमी रह गई कृ जनता नहीं थी!

**जल संरक्षण के क्षेत्र में वर्षो से काम कर रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं को सूचना देना जरूरी नहीं समझा गया।** पर्यावरण प्रेमियों को बुलाना शायद विभाग की 'कार्य योजना' में शामिल नहीं था। यहां तक कि मीडिया को भी कार्यक्रम से ऐसे दूर रखा गया मानो पत्रकार नहीं, बांध का पानी चुराने आ रहे हों।




अब जरा सोचिए, जिन लोगों ने वर्षों तक तालाबों की पाल बचाने, वर्षाजल संरक्षण, कुओं के पुनर्जीवन और पर्यावरण चेतना के लिए काम किया, उन्हीं को इस अभियान से दूर रखा गया। यदि वे मौजूद रहते तो अनुभव साझा होते, स्थानीय जरूरतों पर चर्चा होती, भविष्य की कार्ययोजना बनती और अभियान में जान आती। मगर साहबों को तो **'जनभागीदारी' से ज्यादा 'फोटो भागीदारी' पसंद आ रही है।**

सूत्र बताते हैं कि उम्मेदसागर बांध पर काम करने वाली जल उपयोक्ता संगम के सदस्यों तक को कार्यक्रम की सूचना नहीं दी गई। यानी जिस घर में शादी हो रही हो, वहीं के लोगों को न्योता नहीं!

अभियान 5 जून तक चलना है, लेकिन दूसरे ही दिन कार्यक्रमों की रफ्तार ऐसी हो गई जैसे गर्मी में सूखती नाड़ी। आगे क्या होगा, इसकी योजना तक स्पष्ट नहीं बताई जा रही। नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी, कलश यात्रा, रैली, जल चेतना अभियान कृ सब सरकारी निर्देशों में खूब चमक रहे हैं, लेकिन धरातल पर हाल ऐसा है जैसे बरसात से पहले सूखा पड़ा खेत।

शाहपुरा में लोग अब मजाक में कहने लगे हैं कि यहां **'जल संरक्षण' से ज्यादा 'सूचना संरक्षण' हो रहा है।** सूचना इतनी सुरक्षित रखी गई कि किसी आम आदमी तक पहुंची ही नहीं।

सरकार बार-बार कह रही है कि जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना है। मीडिया की भूमिका अहम है। समाज की भागीदारी जरूरी है। आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी बचाना है। लेकिन यदि स्थानीय स्तर पर बैठे कुछ अधिकारी इसे सिर्फ औपचारिकता मानकर चलेंगे तो फिर यह अभियान भी उन सरकारी नारों की सूची में शामिल हो जाएगा, जिनकी गूंज केवल फाइलों में सुनाई देती है।

सबसे दिलचस्प बात तो यह रही कि कार्यक्रम में मौजूद लोगों की संख्या का आंकलन करें तो मुश्किल से दस प्रतिशत ही वास्तविक भागीदारी दिखाई दी। बाकी वही सरकारी अमला, विभागीय कर्मचारी और योजना से जुड़े लोग। जनता वहां उतनी ही दिखी जितनी चुनाव के बाद नेताओं के आसपास आम आदमी दिखता है।

शाहपुरा का आईना यह सवाल पूछता है कि आखिर डर किस बात का है? यदि सामाजिक कार्यकर्ता आएंगे तो सवाल पूछेंगे? यदि मीडिया पहुंचेगा तो सच्चाई लिख देगा? यदि जनता जुड़ेगी तो केवल फोटो से काम नहीं चलेगा?

जल संरक्षण कोई एक दिन का सरकारी उत्सव नहीं है। यह आने वाली पीढ़ियों का भविष्य है। शाहपुरा जैसे क्षेत्र, जहां गर्मी में जल संकट की स्थिति लगातार गहराती जा रही है, वहां ऐसे अभियानों की सफलता केवल भाषणों और फोटो अपलोड से नहीं होगी। इसके लिए जमीन पर काम करना पड़ेगा, समाज को साथ लेना पड़ेगा और सबसे बड़ी बात कृ अहंकार छोड़ना पड़ेगा।

अब खबर यह भी है कि जल संरक्षण और पर्यावरण क्षेत्र में काम करने वाले कुछ कार्यकर्ताओं ने अपनी पीड़ा राज्य सरकार तक पहुंचाई है। देखना यह होगा कि सरकार जनसरोकारों की आवाज सुनती है या फिर 'सब बढ़िया चल रहा है' वाली सरकारी रिपोर्टों पर ही भरोसा करती रहती है।

फिलहाल शाहपुरा में 'वंदे गंगा' अभियान की स्थिति देखकर लोग यही कह रहे हैं। **'पानी बचाने निकले थे साहब, पर पहले जनता को ही सुखा दिया!**

## शराब की अवैध ब्रांचों पर मंगरोप पुलिस का शिकंजा:7 दिन में 7 मुकदमे,7 आरोपी गिरफ्तार




स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित शराब की ब्रांचों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।थाना प्रभारी विजय मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अब तक थाना क्षेत्र के सात अलग-अलग ठिकानों पर संचालित अवैध शराब ब्रांचों पर दबिश दी जा चुकी है।पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।पुलिस जानकारी के अनुसार आबकारी अधिनियम के तहत पिछले सात दिनों में कुल 7 मुकदमे दर्ज किए गए हैं,जिनमें 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बेची जा रही शराब भी जब्त की गई।थाना पुलिस लगातार क्षेत्र में निगरानी रख रही है और संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है।गौरतलब है कि गत माह भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगरोप थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित करीब दो दर्जन से अधिक शराब की ब्रांचों का विरोध जताया था।कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर इन अवैध ब्रांचों को तत्काल बंद करवाने की मांग की थी।इसके बाद थाना प्रभारी विजय मीणा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना क्षेत्र में संचालित अवैध शराब ब्रांचों को चिन्हित कर लगातार कार्रवाई शुरू की।क्षेत्रवासियों का कहना है कि अवैध शराब की ब्रांचों के कारण युवाओं पर गलत प्रभाव पड़ रहा था तथा कई स्थानों पर आए दिन विवाद की स्थिति भी बन रही थी।पुलिस की सख्त कार्रवाई के बाद अब लोगों में कानून व्यव-स्था को लेकर भरोसा बढ़ा है।थाना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब कारोबार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# दर्दनाक हादसा : सांवलिया सेठ के दर्शन की आस लेकर निकले श्रद्धालुओं का सफर बदला खौफनाक हादसे में, निजी बस बेकाबू होकर पलटी एक की मौत

## छत पर बैठे दर्जनों यात्री दूर सड़क पर जाकर गिरे

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

राजस्थान का प्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री सांवलिया सेठ जी मंदिर में दर्शन की आस लेकर निकले श्रद्धालुओं का सफर मंगलवार सुबह एक खौफनाक हादसे में बदल गया। चित्तौड़गढ़-उदयपुर नेशनल हाईवे पर श्रद्धालुओं से भरी एक प्राइवेट बस बेकाबू होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लगभग दो दर्जन से ज्यादा यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि बस की छत पर सवार यात्री सीधे पक्की सड़क पर आ गिरे।

बस बिना किसी रास्ते के सीधे नेशनल हाईवे की तरफ बढ़ गई। रफ्तार इतनी तेज थी कि बस ने रास्ते में आए डिवाइडर, लोहे की सुरक्षा रेलिंग और बिजली के पोल को जड़ से उखाड़ दिया।बस मुख्य हाईवे पर जाकर बीच सड़क पर पलट गई।



टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठे करीब 20 से 25 यात्री सीधे उड़कर नेशनल हाईवे की पक्की सड़क पर जा गिरे। गनीमत यह रही कि अलसुबह का वक्त होने के कारण हादसे के समय पीछे से कोई दूसरा तेज रफ्तार वाहन नहीं आ रहा था, वरना सड़क पर गिरे ये यात्री उसकी चपेट में आ सकते थे और हादसा कहीं अधिक भयावह हो सकता था।

हादसे के बाद चारों तरफ चीख पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर भादसोड़ा पुलिस और चित्तौड़गढ़ से हाईवे एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया और तुरंत भादसोड़ा सीएचसी तथा सांवलियाजी मंडफिया हॉस्पिटल पहुंचाया गया। इस हादसे में बारां जिले की छबड़ा तहसील के नपनिया निवासी 32 साल के रघुवीर मीणा की दर्दनाक मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल 4 से 5 मरीजों को चित्तौड़गढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### अलग-अलग राज्यों से सांवलियाजी आए थे श्रद्धालु

बस में सवार सभी यात्री जयपुर, जोधपुर, कोटा, सवाई माधोपुर और उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों व जिलों से ट्रेन या अन्य माध्यमों से चित्तौड़गढ़ पहुंचे थे। सांवलिया सेठ के दर्शन के प्रति अटूट आस्था के चलते ये सभी इस बस में सवार हुए थे। हादसे के बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बस और मलबे को हाईवे से हटाकर यातायात सुचारू करवाया। पुलिस ने लापरवाह बस ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ये हुए घायल

विजय पुत्र गुलाबचंद बुनकर (सामोद, चौमूं, जयपुर)

प्रिंस (7 साल) पुत्र विनोद बुनकर (सामोद, चौमूं, जयपुर)

सुरेंद्र पुत्र गुलाबचंद बुनकर (सामोद, चौमूं, जयपुर)

सूरज पुत्र राजेंद्र, कोटा

अर्जुन पुत्र संतोष मीणा, नपनिया, बारां

लखन बाग पुत्र राधेश्याम, नपनिया, बारां

पवन पुत्र राजू सेन, नपनिया, बारां

पवन पुत्र राधेश्याम नागर, नपनिया, बारां

जीतू पुत्र कजोड़लाल मीणा, दीगोद, कोटा

कुबेर सिंह पुत्र मोपत सिंह, जयपुर

गिरिराज पुत्र मोरपाल, बामनवास, सवाई माधोपुर

अक्षर पुत्र दीपचंद जाट, फरीदाबाद (हरियाणा)

अमित पुत्र ओमप्रकाश राजपूत, नगला बांस, मुरसान, हाथरस (उत्तर प्रदेश)

# सरेआम नियमों की उड़ रही धज्जियां: गुरला के श्रीनाथ पेट्रोल पंप पर वेल्डिंग की चिंगारियों के बीच भर रहा पेट्रोल-डीजल

## खुले ड्रमों में धड़ल्ले से हो रही सप्लाई

स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा (गुरला)।** जिला प्रशासन के सख्त निर्देशों और सुरक्षा मानकों के बावजूद गुरला क्षेत्र स्थित श्रीनाथ एचपी फिलिंग स्टेशन पर नियमों की खुलेआम अनदेखी किए जाने का मामला सामने आया है। पेट्रोल पंप परिसर में जहां एक ओर वेल्डिंग और निर्माण कार्य जारी है, वहीं दूसरी ओर उसी के समीप वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरा जा रहा है। लगातार उठ रही चिंगारियों के बीच ईंधन भरने की यह लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पेट्रोल पंप पर इन दिनों शेड निर्माण का कार्य चल रहा है। वेल्डिंग मशीनों से निकल रही चिंगारियों के ठीक नीचे ईंधन भराई का काम बदस्तूर जारी है। पेट्रोल पंप जैसे अति संवेदनशील



स्थल पर इस तरह की गतिविधियां सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जरा सी चूक हो जाए तो बड़ा विस्फोट या आगजनी हो सकती है, जिससे जानमाल का भारी नुकसान संभव है।

इतना ही नहीं, जिला कलेक्टर के आदेशों की भी खुलेआम अवहेलना की जा रही है। प्रशासन द्वारा खुले ड्रमों में पेट्रोल-डीजल देने पर रोक लगाए जाने के बावजूद यहां ट्रैक्टरों में रखकर लाए गए बड़े-बड़े ड्रमों में धड़ल्ले से डीजल भरा जा रहा है।



बताया जा रहा है कि बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था और मानकों के यह काम लंबे समय से जारी है।

स्थानीय नागरिकों ने इस मामले में प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस लापरवाही पर रोक नहीं लगी तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। अब निगाहें जिला प्रशासन और संबंधित विभागों पर टिकी हैं कि आखिर इस गंभीर मामले में क्या कार्रवाई की जाती है।

# नौतपा की तपिश से राहत का अनोखा जुगाड़ टब में बैठकर गर्मी से बचती दिखी नन्ही बालिका

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में इन दिनों नौतपा के चलते भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है।सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।बढ़ते तापमान से राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते नजर आ रहे हैं।कोई घरों में कूलर और पंखों का सहारा ले रहा है तो कोई ठंडे पेय पदार्थों का उपयोग कर गर्मी से बचने की कोशिश कर रहा है।

इसी बीच मंगरोप क्षेत्र के पीपली गांव से गर्मी से राहत पाने का एक अनोखा और दिलचस्प दृश्य सामने आया,जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर



आकर्षित कर लिया।गांव में एक नन्ही बालिका भीषण गर्मी से बचने के लिए घर के बाहर चबूतरे पर पानी से भरे टब में बैठी नजर आई।तपती दोपहर में बालिका का पानी में बैठकर गर्मी से राहत पाने का यह मासूम अंदाज लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया।ग्रामीणों ने बताया कि नौतपा के दौरान क्षेत्र में तापमान लगातार बढ़ रहा है,जिससे छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ऐसे में बच्चों के अपने तरीके से गर्मी से राहत पाने के दृश्य भी देखने को मिल रहे हैं।पीपली गांव में बालिका का टब में बैठा यह दृश्य राहगीरों और ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

गौरतलब है कि नौतपा के चलते क्षेत्र में दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही भी कम हो गई है। तेज धूप और लू के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं, ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने और दोपहर के समय धूप से बचने की सलाह दी जा रही है।

## गंगापुर में नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों का किया अभिनंदन

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** अभिभाषक संस्था गंगापुर द्वारा न्यायिक क्षेत्र में स्थानांतरित होकर आए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित दवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट पारुल चौहान और उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य अपर जिला न्यायाधीश अनिता टेलर का रहा। अधिकारियों ने आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आश्वासन दिया। संस्था के अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने सभी का आभार प्रकट किया। इससे पूर्व संस्था के सदस्यों द्वारा तिलक



और उपरने से नए न्यायिक एवं राजस्व अधिकारी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश चंद्र व्यास, पर्वत सिंह चुंडावत, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, विष्णु कुमार सुवालका, महेश चंद्र दाधीच, ललित सुराणा आदि उपस्थित थे। संचालन जगदीश बुलीवाल ने किया। कार्यक्रम को मदनलाल जीनगर ओर आनंद पाल सिंह ने भी संबोधित किया।

## डबल इंजन की सरकार में गति ट्रैक पर नहीं, निर्माणाधीन पुलिया

### क्षेत्रवासियों में भारी रोष, चक्का जाम करने की चेतावनी

स्मार्ट हलचल|राजेश जीनगर

**भीलवाड़ा।** पिछले करीब 6 वर्षों से शहर के उपनगर सांगानेर क्षेत्रवासियों सहित आसपास के गांव के लोग निर्माणाधीन पुलिया को लेकर भारी तनाव में हैं। वहीं निर्माणाधीन पुलिया को लेकर प्रशासन द्वारा निकाला गया वैकल्पिक मार्ग दुरुस्त नहीं होने के कारण आए दिन सांगानेर क्षेत्रवासी गिरने से चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। उपनगर सांगानेर रोजमर्रा के कार्य को लेकर भीलवाड़ा आने वाले लोगों ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग जो प्रशासन द्वारा निकाला गया है वह बेहद बदहाल है। आए दिन कोई ना कोई गिरकर चोटिल हो रहा है, यहां तक की ऑर्थोपेडिक (हड्डियों) की समस्या भी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। कई लोग तो गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं और गिरने से फ्रैक्चर तक हो चुके हैं। सबसे गंभीर स्थिति तब पैदा हो गई जब प्रसुता महिलाओं को सांगानेर से भीलवाड़ा ले जाते समय एंबुलेंस में ही डिलीवरी करवानी पड़ी। क्षेत्रवासियों ने रोष जताते हुए कहा कि हमारी समस्या को लेकर हम यूआईटी के सारे अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं और मौका तक भी दिखा चुके हैं। वैकल्पिक खराब सड़क के बारे में भी कई बार बताया जा चुका है। आमजन की इस गंभीर समस्या के बावजूद कोई सुनवाई नहीं होना प्रशासन की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े करता है। इसके लिए जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को तुरंत हस्तक्षेप करना होगा। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिया का अधूरा काम जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया और सांगानेर क्षेत्रवासियों सहित आसपास के गांवों को राहत नहीं मिली, तो मजबूरन उपनगर सांगानेर के लोगों को बड़े आंदोलन पर उतरना पड़ेगा और पूर्ण रूप से चक्का जाम किया जाएगा। सजग नागरिकों का साफ कहना है कि प्रदेश और केंद्र में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद यह निर्माणाधीन पुलिया विकास की गति का ट्रैक क्यों नहीं पकड़ पा रहा है? प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस पर मौन क्यों हैं ? प्रशासन की अनदेखी के खिलाफ सांगानेर क्षेत्र की जनता में भारी रोष है। टूटी सड़कों और अधूरे निर्माण कार्य के कारण बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। जनता ने जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा उग्र आंदोलन तय है।



### धीमे काम के चलते वर्षों बाद ये भी अधूरे ....

शहर के अजमेर रोड पर जोधडास फाटक व कोटा बाईपास स्थित एक निजी हॉस्पिटल के पास भी धीमी गति के काम के चलते वर्षों बाद भी पुलिया का काम अधर में अटका हुआ है। जो की दुपहिया, चौपहिया, भारी वाहनों की राह में रोड़ा बना हुआ है। वही संभावना जताई जा रही है कि इन पुलिया के कार्य पूर्ण होने में और समय लगेगा।

### इन्होंने जताया काम की धीमी गति पर रोष ...

कैलाश सुवालका, गोपाललाल शर्मा, राधेश्याम, भेरूलाल अग्रवाल, सुनील शर्मा, राजकुमार कोठारी, मनोहर सेन, राकेश खिचड़ा ने काम की धीमी गति को लेकर रोष जताते हुए प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को इस और ध्यान देकर जल्द से जल्द काम पूरा करने की मांग की है।

# एक ही भूखंड को दोबारा बेचा: चित्ताम्बा में फर्जी रजिस्ट्री का खेल, विरोध करने पर पीड़ित व्यापारी को मिल रही जान से मारने की धमकी

## पहले थाने के चक्कर काटे, अब न्याय के लिए जिला कलेक्टर और एसपी की चौखट पर पहुंचे पीड़ित, सुरक्षा की गुहार

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** जिले में भू-माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि एक ही भूखंड को बार-बार बेचकर आमजन की गाढ़ी कमाई हड़पी जा रही है और जिम्मेदार तंत्र मूकदर्शक बना बैठा है। ऐसा ही एक सनसनीखेज और तीखा मामला करेड़ा क्षेत्र से सामने आया है, जहां करीब 26 साल पहले बेचे जा चुके भूखंडों की कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दोबारा फर्जी रजिस्ट्री करा दी गई। अब असली खरीदार न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। हद तो तब हो गई जब अपनी ही जमीन को बचाने की गुहार लगाने पर पीड़ितों को सरेआम जान से मारने और हाथ-पैर तोड़ने की धमकियां दी जा रही हैं। करेड़ा पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से परेशान होकर पीड़ितों ने सोमवार को जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है

### मार्च 2000 में खरीदी थी जमीन, अब तैयार कर लिए फर्जी दस्तावेज

कलेक्टर और एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में चित्ताम्बा (थाना-करेड़ा) निवासी व्यवसायी सुवालाल दक और ललित कुमार ने रोंगटे खड़े करने वाली दास्तां बयां की है। पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने 2 मार्च 2000 को करेड़ा गांव में आबादी भूमि के दो अलग-अलग भूखंड तत्कालीन मालिक पीरू लाल बारेट पुत्र गणेश लाल ढोली से पंजीकृत विक्रय पत्रों के जरिए



अपनी पत्नी श्रीमती पानी बाई के नाम पर खरीदे थे। रजिस्ट्री होने के बाद से ही पीड़ित परिवार इस जमीन पर काबिज है और इसका शांतिपूर्ण उपयोग कर रहा है लेकिन, जमीन की कीमतें बढ़ते ही भू-माफियाओं की नीयत डोल गई। आरोप है कि मूल विक्रेता पीरू लाल बारेट ने श्रीमती निरमा गुर्जर (पत्नी नारायण लाल गुर्जर, निवासी बरावलो का खेड़ा) व अन्य करीबियों के साथ मिलकर एक आपराधिक साजिश रची। इन लोगों ने पीड़ितों को भारी आर्थिक व मानसिक नुकसान पहुंचाने की नीयत से उन भूखंडों के फर्जी, जाली और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लिए। इन जाली कागजातों के दम पर पंजीयन विभाग की आंखों में धूल झोंकते हुए भूखंडों की दोबारा फर्जी रजिस्ट्री करवा दी गई, जिसका पीड़ितों को भनक तक नहीं लगने दी गई।

### करेड़ा पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

पीड़ितों ने बताया कि इस धोखाधड़ी और रंगदारी के संबंध में उन्होंने करेड़ा थाने में भी मामला दर्ज करवाया था और चक्कर काट-काट कर थक गए, लेकिन स्थानीय पुलिस ने भू-माफियाओं के रसूख के आगे घुटने टेक दिए। पुलिस द्वारा कोई सख्त कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण ही आरोपियों के हौसले सातवें आसमान पर हैं और वे लगातार पीड़ित ओर उसके परिवार को प्रताड़ित कर रहे हैं।

### कब्जा छोड़ो वरना जान से मार देंगे'... गुंडागर्दी पर उतरे आरोपी

मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपी इस फर्जी रजिस्ट्री के बल पर जबरन भूखंडों पर कब्जा करने पहुंचे। जब प्रार्थी और उनके परिवार ने इस अवैध कब्जे का विरोध किया, तो आरोपी सरेआम गुंडागर्दी और गाली-गलौज पर उतर आए। पीड़ितों का आरोप है कि उन्हें मौके पर ही हाथ-पैर तोड़ने और जान से मारने की ऐलानी धमकियां दी जा रही हैं। भू-माफियाओं के इस आतंक के कारण पीड़ित व्यापारी और उनका पूरा परिवार गहरे खौफ में जीने को मजबूर है और उन्हें हर वक्त जान-माल का खतरा सता रहा है।

### निष्पक्ष जांच और गिरफ्तारी की मांग

थक-हारकर पीड़ितों ने जिला प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों की शरण ली। ज्ञापन में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मांग की गई है कि इस पूरे फर्जीवाड़े की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच करवाई जाए, कूटरचित दस्तावेजों को निरस्त कर दोषियों को तुरंत सलाखों के पीछे भेजा जाए। साथ ही, पीड़ित परिवार ने खुद की और अपनी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि रसूखदारों के इस खेल पर प्रशासन का हंटर कब चलता है।

# भीलवाड़ा की बेटियों ने राज्य में लहराया परचम, सब जूनियर हैंडबॉल में जीता सिल्वर

## फाइनल में महज 1 गोल से चूका स्वर्ण, पूरे टूर्नामेंट में दिखाया दमदार खेल

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा।** खेल नगरी भीलवाड़ा की बेटियों ने एक बार फिर प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। अजमेर में आयोजित 31वीं राजस्थान राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। स्वर्ण पदक से टीम महज एक गोल दूर रह गई।

जिला हैंडबॉल संघ के सचिव तेजप्रताप सिंह ने बताया कि भीलवाड़ा की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाते हुए विरोधी टीमों पर दबदबा बनाए रखा। क्वार्टर फाइनल में भरतपुर को 6-0 से हराया, जबकि सेमीफाइनल में मजबूत मानी जा रही हनुमानगढ़ टीम को 16-10 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई।

### रोमांचक फाइनल में 1 गोल से हार

फाइनल मुकाबले में भीलवाड़ा और गंगानगर के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मैच के अंतिम क्षण तक दोनों टीमें बराबरी पर संघर्ष करती रहीं, लेकिन आखिरी मिनट में गंगानगर ने निर्णायक गोल दागकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भीलवाड़ा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### 'भीलवाड़ा बन चुका हैंडबॉल का गढ़'

जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कहा कि बेटियों ने पूरे प्रदेश में भीलवाड़ा का गौरव बढ़ाया है। वहीं राजस्थान राज्य हैंडबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं जिला संघ संरक्षक विश्वजीत सिंह के मार्गदर्शन और वर्षों की मेहनत को इस सफलता का बड़ा कारण बताया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि लगातार राज्य स्तर पर पदक जीतकर भीलवाड़ा अब हैंडबॉल का मजबूत केंद्र बन चुका है।

### रजत पदक विजेता टीम

सुमन सुथार (कप्तान), कृष्णा शर्मा, नव्या तेली, गुलाबी तेली, गंगा जाट, अन्नु कुमारी शर्मा, अदिति बंजारा, आद्या शर्मा, राजलक्ष्मी बसीटा, अनुष्का मेघवंशी, ममता योगी और रविना योगी। टीम की प्रशिक्षक नोरती मेवाड़ा रहीं।

# लाडपुरा में रसोई गैस संकटः भारत गैस बुकिंग के 25 दिन बाद भी नहीं पहुंची सप्लाई, ग्रामीण परेशान

## कब आएगा गैस सिलेंडर? समयबद्ध डिलीवरी की मांग को लेकर उपभोक्ताओं ने लगाई गुहार; मांडलगढ़ में एचपी गैस उपभोक्ताओं को भी 45 दिन का लंबा इंतजार

स्मार्ट हलचल




**लाडपुरा।** क्षेत्र में रसोई गैस की सप्लाई में आ रही लगातार दिक्कतों के बीच अब गैस सिलेंडर का इंतजार ग्रामीणों के लिए एक बड़ी समस्या बन गया है। भारत गैस की समयबद्ध डिलीवरी न होने और सप्लाई में लगातार हो रही देरी से उपभोक्ताओं में भारी रोष है। ग्रामीण अब प्रशासन और गैस एजेंसी से समय पर गैस सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग कर रहे हैं।

### 25 दिनों से थमा है सप्लाई का पहिया

स्थानीय उपभोक्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब 25 दिन पहले भारत गैस शाहपुरा एजेंसी द्वारा मानपुरा से लाडपुरा में गैस की सप्लाई पहुंचाई गई थी। उसके बाद से ही उपभोक्ता पिछले 25 दिनों से अपनी रसोई गैस के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बुकिंग कराने के हफ्तों बाद भी सिलेंडर गांव नहीं पहुंचने से कई घरों में भोजन पकाने का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है।

### मांडलगढ़ में एचपी गैस का भी बुरा हाल, 45 दिन का लंबा रिफिल गैप

गैस किल्लत की यह कहानी केवल एक एजेंसी तक सीमित नहीं है। लाडपुरा के एक अन्य उपभोक्ता ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि मांडलगढ़ क्षेत्र में एचपी गैस की स्थिति भी बेहद चिंताजनक है। यहाँ अगला सिलेंडर पूरे 45 दिन बीत जाने के बाद ही बुक हो पा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि संयुक्त और बड़े परिवारों के लिए एक महीने में एक सिलेंडर भी अपर्याप्त होता है, ऐसे में 45 दिनों के लंबे प्रतिबंधात्मक अंतराल के कारण ग्रामीण परिवारों के सामने भारी परेशानी खड़ी हो गई है।

# उपखंड अधिकारी दीपशिखा ने किया जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण

## शेरगढ़, देवमाली एवं नगरपालिका मसूदा के ब्लॉकों में ली जानकारी



स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** उपखंड अधिकारी मसूदा दीपशिखा ने आज तहसील मसूदा क्षेत्र में चल रहे जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने ग्राम शेरगढ़, ग्राम देवमाली एवं नगरपालिका मसूदा के विभिन्न जनगणना ब्लॉकों का दौरा कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित सुपरवाइजर एवं प्रगणकों से जनगणना प्रपत्र भरने, आंकड़ों की शुद्धता एवं समयबद्धता के संबंध में विस्तार से समीक्षा की।

उपखंड अधिकारी ने निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रगणकों को आमजन से सहयोग प्राप्त कर सही एवं सत्यापित जानकारी संकलित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान संबंधित सुपरवाइजर, प्रगणक एवं राजस्व विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

# मालासेरी डूंगरी तीर्थ कॉरिडोर कार्यों का जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण



स्मार्ट हलचल| मोड़ का निंबाहेड़ा

भारत सरकार की प्रसाद योजना के अंतर्गत भगवान श्री देवनारायण जी की जन्मभूमि एवं विश्व विख्यात तीर्थ स्थल मालासेरी डूंगरी में चल रहे तीर्थ कॉरिडोर निर्माण कार्यों का मंगलवार को भीलवाड़ा जिला कलेक्टर ने निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। मालासेरी डूंगरी देवनारायण मंदिर के पुजारी हेमराज पोसवाल ने कॉरिडोर से जुड़े निर्माण स्थलों का निरीक्षण करवाते हुए चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रसाद एवं स्वदेश दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

इस दौरान मालासेरी डूंगरी के समग्र विकास एवं भविष्य की योजनाओं को लेकर भी चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित



स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार टीबी मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय कार्यक्रम के तहत मंगलवार को वार्ड नंबर 01 इंदिरा कॉलोनी में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर में डॉ. महिपाल राठौड़, मोहम्मद मोइनुल हक (लैब टेक्नीशियन), मोंटी वर्मा, श्रीमती मंजू सेन (प्रसाविका), आशा सहयोगिनी ललिता रावत, कमला भाम्बी, लाड़ देवी, पुष्पा सेन, एसटीएलएस हेमेंद्र त्रिपाठी एवं रेडियोग्राफर सुमित ने अपनी सेवाएं दीं।

पीएमओ अरविंद कुमार उदय ने बताया कि शिविर में कुल 123 लोगों को लाभान्वित किया गया। सभी मरीजों के एक्स-रे, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। जांच के दौरान 6 संभावित उच्च रक्तचाप एवं 10 मधुमेह के मरीज चिन्हित हुए, जबकि 4 मरीजों को सीबीएनएएटी टेस्ट हेतु रेफर किया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य टीबी सहित अन्य गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

# बिजौलिया नगर पालिका चुनाव में तीसरे मोर्चे की एंट्री, भाजपा से बगावत कर यशवंत सिंह पुंगलिया ने बनाई 'पथिक सेना'

## भाजपा-कांग्रेस को सीधी चुनौती, हर वार्ड में प्रत्याशी उतारने का ऐलान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** बिजौलिया नगर पालिका चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा और कांग्रेस जहां चुनावी मैदान में अपनी रणनीति मजबूत करने में जुटी हैं, वहीं अब कस्बे की राजनीति में तीसरे मोर्चे की एंट्री ने मुकाबले को और रोचक बना दिया है। भाजपा की कार्यशैली से नाराज यशवंत सिंह पुंगलिया ने पार्टी से बगावत कर 'पथिक सेना' नाम से नए राजनीतिक मोर्चे के गठन का ऐलान कर दिया है।



हालांकि राज्य सरकार की ओर से अभी नगर पालिका चुनाव की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन बिजौलिया के वार्डों में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। भाजपा जहां डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों के सहारे मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है, वहीं कांग्रेस भाजपा सरकार की कमियों को मुद्दा बनाकर जनता तक पहुंचने में लगी हुई है।

### 'दोनों दल शहर के मुद्दों पर मौन'

संवाददाता से बातचीत में यशवंत सिंह पुंगलिया ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर शहर के विकास की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिजौलिया में नियमित सफाई व्यवस्था, छोटा फील्ड खेल मैदान का विकास, तेजाजी चौक स्थित अंग्रेजी माध्यम स्कूल भवन निर्माण, गौशाला निर्माण, टूटी सड़कों की मरम्मत, पथिक पार्क का सौंदर्यीकरण, ट्रैफिक व्यवस्था सुधार, रोडवेज बस स्टैंड विकास, अन्नपूर्णा रसोई योजना पुनः शुरू करने और चारागाह भूमि पर अतिक्रमण रोकने जैसे मुद्दों पर दोनों दल चुप्पी साधे हुए हैं।

पुंगलिया ने आरोप लगाया कि भाजपा के 'फोटो छाप नेता' बड़े नेताओं को खुश करने में लगे हैं, जबकि कांग्रेस विपक्ष की भूमिका प्रभावी तरीके से नहीं निभा पा रही। उन्होंने कहा कि शहर की जनता अब दोनों दलों से ऊब चुकी है और यही कारण है कि तीसरे मोर्चे की जरूरत महसूस हुई।

### हर वार्ड में उतारेगी प्रत्याशी

पथिक सेना के संयोजक यशवंत सिंह पुंगलिया ने दावा किया कि आगामी नगर पालिका चुनाव में संगठन हर वार्ड से अपना उम्मीदवार उतारेगा। उन्होंने कहा कि शहर की जनता बदलाव चाहती है और पथिक सेना को व्यापक समर्थन मिलेगा।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि तीसरा मोर्चा मजबूती से चुनाव मैदान में उतरता है तो इस बार बिजौलिया नगर पालिका चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों की गणित बिगड़ सकती है।

# 7 दिवसीय विरोध के तहत व्यावसायिक प्रशिक्षको ने सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

अखिल राजस्थान कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर के आव्हान पर हों रहे 7 दिवसीय विरोध के तहत महासंघ के घटक व्यावसायिक प्रशिक्षक संघर्ष समिति राजस्थान के बैनर तले अतिरिक्त जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को हरियाणा मॉडल लागू करने को लेकर ज्ञापन दिया गया । महासंघ जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने बताया की ज़ब तक सरकार कर्मचारियों की 25 सूत्रीय मांगे नहीं मान लेती विरोध लगातार चलता रहेगा । ज्ञापन मे व्यावसायिक शिक्षक मुरली धर शर्मा ने बताया कि राजस्थान में वोकेशनल शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं मिलता ओर ना ही जॉब सुरक्षा मिलती है जबकि पड़ोसी राज्य हरियाणा ओर दिल्ली में 35 से 40 हजार वेतन ह ओर 60 वर्षों तक जॉब सुरक्षा भी है । महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित व्यास ने बताया की राजस्थान के व्यावसायिक शिक्षकों द्वारा राजधानी जयपुर में जल्द बड़ा आंदोलन जाएगा।

# भीषण गर्मी को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर, जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

## 'जीरो कैजुअल्टी' लक्ष्य के साथ काम करें विभाग, अस्पतालों में हीट स्ट्रोक वार्ड और कूल रूम तत्काल शुरू करने के आदेश

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

जिले में लगातार बढ़ते तापमान और लू-तापघात के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार को आरओ पॉल्यूशन कार्यालय में संबंधित विभागों की आपात बैठक लेकर सभी अधिकारियों को गर्मी से बचाव के लिए तत्काल प्रभाव से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ 'जीरो कैजुअल्टी' लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य करें, ताकि भीषण गर्मी के दौरान किसी प्रकार की जनहानि न हो।



### अस्पतालों में हीट स्ट्रोक वार्ड होंगे सक्रिय

कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा को निर्देश दिए कि जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी एवं जिला अस्पतालों में हीट स्ट्रोक वार्ड और कूल रूम तत्काल प्रभाव से शुरू किए जाएं। साथ ही ह्रस पैकेट, आईवी फ्लूड और जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने तथा लू-तापघात से प्रभावित मरीजों का प्राथमिकता से उपचार सुनिश्चित करने को कहा।

### बस स्टैंड, बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष व्यवस्था

नगर निगम आयुक्त हेमाराम को शहर के मुख्य बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थलों पर छाया, पेयजल एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

### पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं हो

जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को गर्मी के दौरान पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभागों की तैयारियों की जानकारी दी। प्रशासन ने आमजन से भी दोपहर के समय अनावश्यक बाहर नहीं निकलने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है।

# दो दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद, चिकित्सा परामर्श व उपचार शिविर



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

दो दिवसीय आयुर्वेद परामर्श एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन मंगलवार से महात्मा गांधी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय माताजी का खेडा परिसर मे शुरू हुआ।पहले दिन विभिन्न बिमारियो से पीड़ित 53 रोगियों को परामर्श प्रदान कर के दवाइयां वितरित की गई है।

ब्लॉक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा ओमप्रकाश नागर ने बताया कि आयुर्वेद विभाग के तत्वावधान में 26 व 27 मई को प्रातः 8 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित चिकित्सा शिविर में बीपी एवं शुगर जांच के साथ ही मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी एवं प्रेग्नेंसी जाचे कि जा रही है । शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार आयुर्वेदिक औषधियों का निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा। शिविर के दौरान दौरान आगनबाडी केन्द्र के बच्चों के भी स्वास्थ्य की जाचे कि गई। इस दौरान पुर्व उप सरपंच देबी लाल माली. समाजसेवी दिनेश गिरी. आंगनबाडी कार्यकर्ता सीमा व्यास सहित अन्य जने उपस्थित थे।

# केसरियाजी में पहली बार सजेगा 'मेवाड़ महा महोत्सव', होगा सामूहिक विवाह और विराट परिचय सम्मेलन, तैयारियां जोरों से जारी

## संस्कार, संस्कृति और सामाजिक एकता का बनेगा महाकुंभ, देशभर से जुटेंगे जैन समाज के परिवार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** उदयपुर मेवाड़ की पावन और धार्मिक नगरी केसरियाजी महातीर्थ इस जून माह ऐतिहासिक सामाजिक आयोजन का साक्षी बनने जा रही है। श्री सकल जैन संघ मेवाड़, राजस्थान के तत्वावधान में 26 से 29 जून 2026 तक 'मेवाड़ महा महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जाएगा। चार दिवसीय इस आयोजन में सामूहिक विवाह सम्मेलन, विराट युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक आयोजन मुख्य आकर्षण रहेंगे।




आयोजन को लेकर समाजजनों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों का दावा है कि केसरियाजी महातीर्थ पर पहली बार इतने बड़े स्तर पर सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संगम देखने को मिलेगा, जहां देशभर से जैन समाज के परिवार जुटेंगे।

### निकलेगी भव्य बारात, होंगे सामूहिक पाणिग्रहण संस्कार

28 जून को सामूहिक सामायिक, मायरा कार्यक्रम, भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। इसके बाद भव्य बारात शोभायात्रा निकाली जाएगी और सामूहिक पाणिग्रहण संस्कार संपन्न होंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले वर-वधू पक्ष को 51-51 हजार रुपए सहयोग राशि भी प्रदान की जाएगी।

### 26 जून से होगा शुभारंभः-

महोत्सव की शुरुआत 26 जून को कार्यालय उद्घाटन के साथ होगी। इसके बाद 27 जून को विनायक स्थापना, सामूहिक पूजा-अभिषेक, शांति धारा, हल्दी रस्म, गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रात को भव्य संगीत संध्या और मेहंदी कार्यक्रम भी होंगे।

### 29 जून को होगा विराट परिचय सम्मेलनः-

29 जून पूर्णिमा के दिन विराट युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें अविवाहित, विधवा, विधुर, तलाकशुदा और दिव्यांग युवक-युवतियां भी भाग ले सकेंगे। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य समाज में रिश्तों को मजबूत करना और नई पीढ़ी को संगठित मंच उपलब्ध कराना है। परिचय सम्मेलन के लिए युवक का पंजीयन शुल्क 1000 रुपए और युवती का 500 रुपए निर्धारित किया गया है।

### समाज को जोड़ने का अभियान

आयोजन समिति का कहना है कि 'मेवाड़ महा महोत्सव' केवल विवाह सम्मेलन नहीं, बल्कि संस्कार, संगठन, सामाजिक समरसता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने का अभियान है।

आयोजन संयोजक भूपेंद्र बालावत और संपर्क सूत्र तेजमल जैन ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को ऐतिहासिक बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज को नई दिशा देने के साथ युवाओं को जोड़ने का भी बड़ा माध्यम बनेगा।

# गंगापुर में न्यायिक एवं राजस्व अधिकारी का स्वागत किया गया



स्मार्ट हलचल|गंगापुर

अभिभाषक संस्था गंगापुर द्वारा गंगापुर न्यायिक क्षेत्र में स्थानांतरित होकर आए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित दवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट पारुल चौहान और उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य अपर जिला न्यायाधीश अनिता टेलर का रहा। अधिकारियों ने आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आश्वासन दिया। संस्था के अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने सभी का आभार प्रकट किया। इससे पूर्व संस्था के सदस्यों द्वारा तिलक और उपरने से नए न्यायिक एवं राजस्व अधिकारी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश चंद्र व्यास, पर्वत सिंह चुंडावत, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, विष्णु कुमार सुवालका, महेश चंद्र दाधीच, ललित सुराणा उपस्थित थे। संचालन जगदीश बुलीवाल ने किया। कार्यक्रम को मदनलाल जीनगर ओर आनंद पाल सिंह ने भी संबोधित किया।

# जोगणिया माताजी में क्षत्रिय मेवाड़ा (कलाल) समाज की धर्मशाला की चतुर्थ वर्षगांठ एवं आम सभा कार्यक्रम सम्पन्न

**विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ ने की 10 लाख के सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा; समाज में कुरीतियों को सुधारने और विकास पर हुआ मंथन**

स्मार्ट हलचल|बेगूं

क्षत्रिय मेवाड़ा (कलाल) समाज द्वारा सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल जोगणिया माताजी स्थित धर्मशाला परिसर में धर्मशाला की चतुर्थ वर्षगांठ एवं वार्षिक आम सभा कार्यक्रम सामाजिक एकता, हर्षोल्लास और भारी उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस भव्य सामाजिक कार्यक्रम में बेगूं विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



### विधायक धाकड़ का भव्य स्वागत, समाज को मिली 10 लाख की सौगात

कार्यक्रम के दौरान धर्मशाला परिसर पहुंचने पर समाज बंधुओं और पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ का पारंपरिक साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज की पुरजोर मांग और आवश्यकता को देखते हुए विधायक डॉ. धाकड़ ने समाज के विकास हेतु सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख की राशि देने की महत्वपूर्ण घोषणा की। विधायक की इस घोषणा पर समस्त समाजजनों ने करतल ध्वनि से हर्ष व्यक्त करते हुए उनका सहृदय आभार जताया।

### आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत, सामाजिक सुधारों पर हुआ विस्तृत मंथन

आम सभा की बैठक के दौरान समाज के पिछले एक वर्ष के आय-व्यय का पूरा ब्यौरा (लेखा-जोखा) पटल पर प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। सभा में समाज में व्याप्त विभिन्न समसामयिक विषयों, सामाजिक कुरीतियों में सुधार लाने, समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने और युवाओं को आगे बढ़ाने पर गहन चर्चा की गई। इसके साथ ही आगामी दिनों में समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने तथा भगवान शस्त्रबाहु जयंती आयोजन को लेकर भी रूपरेखा तैयार करते हुए विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

### समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं मातृशक्ति की रही गरिमामयी उपस्थिति

इस गरिमामयी कार्यक्रम में समाज की पुरुष व महिला कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से: मुख्य पदाधिकारीः अध्यक्ष कन्हैया लाल मेवाडा धारला, उपाध्यक्ष सत्यनारायण मेवाडा टहला, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नारायणजी, कोषाध्यक्ष ललित मेवाड़ा (माण्डलगढ़), सचिव कमलेश मेवाड़ा एवं पूर्व अध्यक्ष घीसालाल मेवाड़ा।

समाज के प्रबुद्धजनः समाज रत्न देवीलाल मेवाड़ा (बेंगू), नन्दलालजी मेवाड़ा (लाडपुरा), उदयलालजी मेवाड़ा (टहला), घिसालालजी मेवाड़ा (गोपालपुरा), भंवरलालजी मेवाड़ा (बिजयपुर), रामस्वरूपजी मेवाड़ा (बिजौलिया), ओंकारलालजी मेवाड़ा, नाथूराम जी खेड़ा, दिनेश मेवाडा, धर्मेंद्र मेवाडा धारला, सीपी मेवाडा बिजौलिया, रामनारायण मेवाडा धारला और सीताराम मेवाडा धारला।

महिला कार्यकारिणीः महिला अध्यक्ष श्रीमती ममतादेवी (बिजौलिया), उपाध्यक्ष श्रीमती राजूबाई (माण्डलगढ़), कोषाध्यक्ष श्रीमती केलादेवी (होड़ा), सचिव सुश्री रचनाकुमारी (जेतपुरा) सहित योगेश मेवाडा, राजेश मेवाडा, कमलेश मेवाडा एवं समस्त महिला पदाधिकारी।

कार्यक्रम में क्षेत्रभर से आए समाज के वरिष्ठजनों, ऊर्जावान युवा साथियों एवं मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सामाजिक एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम का सफल और प्रभावी संचालन मनोज मेवाडा गोपालपुरा ने किया।

# 5 घंटे तक चिकित्सालय में चले धरना प्रदर्शन के बाद बनी सहमति, मृतक का हुआ पोस्टमार्टम

स्मार्ट हलचल|गंगापुर

ग्राम उल्लाई निवासी किशनलाल खटीक की संदिग्ध मृत्यु प्रकरण में निष्पक्ष जांच, आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी, आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी दिलवाने की मांग को लेकर 5 घंटे तक चिकित्सालय में चले धरना प्रदर्शन के बाद बनी सहमति फिर मृतक का पोस्टमार्टम हुआ। शव को उल्लाई गांव ले जाया गया, जहां गमगीन माहौल में मृतक का दाह संस्कार किया गया।

मृतक की पत्नी कमला देवी खटीक व समाज के लोगों ने ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि दिनांक 25 भी की रात्रि को ग्राम उल्लाई, तहसील सहाड़ा, जिला भीलवाड़ा निवासी किशनलाल पुत्र सोहनलाल खटीक उम्र 49 की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृतक के परिजनों एवं आम खटीक समाज में इस घटना को लेकर आक्रोश के चलते 5 घंटे तक चिकित्सालय में धरना प्रदर्शन किया, मौके पर पहुंचे सहाड़ा तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, गंगापुर पुलिस उप अधीक्षक सुरेन्द्र पालिवाल, थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय के द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद सहमति बनी और मृतक का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से हुआ।

मृतक के परिजनों व समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री व जिला कलेक्टर के नाम भी ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि परिजनों को आशंका है कि आरोपी मीना पत्नी नाथूलाल खटीक, निवासी गंगापुर द्वारा कठोर वस्तु लठ अथवा लोहे के सरिए से वार कर किशन लाल खटीक की हत्या की गई है। घटना अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील प्रकृति की है। अतः मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जावे। इस दौरान मृतक के परिवारजन, खटीक समाज के पदाधिकारी, क्षेत्र के आला अधिकारी सहित भारी संख्या में पुलिस जताता तैनात रहा।



पांच सुत्रीय मांग पत्र दिया गया

मृतक के परिवार जनों में समाज के लोगों द्वारा दिए गए ज्ञापन में किशनलाल खटीक की मृत्यु प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए। आरोपी को तत्काल प्रभाव से गिरफ्तार कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। मृतक परिवार के एक सदस्य को संविदा अथवा स्थायी सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। मृतक के आश्रित परिवार को 50 लाख रुपये का आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाए ताकि किसी प्रकार का दबाव या भय उत्पन्न न हो।

### मृतक की पत्नी ने मीना खटीक पर लगाया हत्या का आरोप

मृतक की पत्नी कमला देवी खटीक निवासी उल्लाई ने गंगापुर पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि मेरे पति किशन लाल खटीक को गंगापुर निवासी मीना खटीक में अपने घर पर बुलाकर उनकी हत्या दी।

### क्या कहते हैं थाना अधिकारी

गंगापुर पुलिस थाना अधिकारी लीलाधर मालवीया ने बताया कि मृतक किशन लाल खटीक की पत्नी कमला देवी खटीक द्वारा एक लिखित रिपोर्ट गंगापुर पुलिस थाने में दी गई। जिस पर पुलिस द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है।

# खजूरी गांव में नवकुण्डात्मक गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

स्मार्ट हलचल

**खजूरी।** गांव में तीन दिवसीय नवकुण्डात्मक गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। आयोजन की शुरुआत प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।



भक्तिमय माहौल में निकली कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान गायत्री मंत्रों और जयघोषों से पूरा गांव गूंज उठा। श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव से शामिल हुए। कलश यात्रा का समापन गायत्री मंदिर परिसर में हुआ, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ नवकुण्डात्मक गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ किया गया।

आयोजन में गांव के सभी समाजों एवं ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। पूरे गांव में धार्मिक वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि तीन दिनों तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कलश यात्रा में रामाकांत पारीक, कैलाश चंद्र वैष्णव, घनश्याम पारीक, शिवेंद्र पारीक, लक्ष्मीकांत पारीक, राजेश पारीक, चंद्रप्रकाश पारीक, पुरुषोत्तम पारीक, नरेंद्र पारीक, सत्येंद्र दाधीच, दुर्गालाल पारीक, विष्णुदत्त तिवाड़ी, दिनेश पारीक, श्याम पारीक, बालकृष्ण पारीक, राजेंद्र वैष्णव, राजमल सोनी,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय आयोजन में होंगे धार्मिक कार्यक्रम

तीन दिवसीय आयोजन के तहत कलश यात्रा के पश्चात विधि-विधान से पूजन एवं सत्संग आयोजित किया गया। मंगलवार शाम को प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन हुआ। वहीं बुधवार को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक हवन-पूजन एवं प्रज्ञा पुराण कथा आयोजित की जाएगी। गुरुवार प्रातः हवन एवं पूर्णाहुति के साथ आयोजन का समापन होगा।

# महेश नवमी महोत्सव की धूम, 17 दिवसीय रंगारंग कार्यक्रमों का आगाज 7 से, स्मारिका का हुआ विमोचन

**क्रिकेट, कब्बडी, जुम्बा, रक्तदान, महाभिषेक सहित होगें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के तत्वाधान में महेश नवमी महोत्सव 2026 के 17 दिवसीय कार्यक्रम की मल्टी कलर स्मारिका का विमोचन अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कोठारी व राधेश्याम सोमानी, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती के आतिथ्य एवं सभाध्यक्ष केदार गगरानी व संयोजक अतुल राठी के नेतृत्व में किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि महेश नवमी महोत्सव के 17 दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही भगवान महेश के महाभिषेक से लेकर चारभुजा नाथ के छप्पन भोग, शोभायात्रा, स्नेहभोज व अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा स्मारिका में समाहित है। इसके साथ ही महेश नवमी महोत्सव में 07 जून से 23 जुन तक विभिन्न खेलकूद, रक्तदान, महिलाओं की रचनात्मक प्रतियोगिताऐं के साथ-साथ महिला क्रिक्रेट, सहित विभिन्न आयोजन होगें। साथ ही महोत्सव के 17 दिवसीय आयोजन में सेवा, समर्पण एवं त्याग से जुड़े विभिन्न आयोजन के तहत 4 जगहो पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेगे। सह संयोजक सुरेश बिड़ला व केजी राठी तथा अर्चित मून्द्रडा ने बताया कि स्मारिका विमोचन में प्रहलाद लढा, ओम नरानीवाल, सुरेश कचोलिया, रमेश राठी, रतन लाल मंडोवरा, सुशील मरोटिया, राजेन्द्र पोरवाल, कृष्ण गोपाल जाखेटिया, केदार जागेटिया, अभिजीत सारडा, प्रहलाद नुवाल, महावीर समदानी, दिनेश पेड़ीवाल, प्रमोद डाड, विनय माहेश्वरी, सुरेश आगाल, सुरेश पोरवाल, अंकित लाखोटिया, सहित 15 ही क्षैत्रीय सभाओं के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व मंत्री, विभिन्न प्रदाधिकारी उपस्थित रहे।



# महिला अर्बन बैंक मामला, सुनवाई टली

## आरबीआई समेत बैंक प्रबंधन पक्षकार, छह साल पुराने मामले में फिर बढ़ी इंतजार की घड़ी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** बहु चर्चित भीलवाड़ा महिला अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक मामले में राजस्थान हाईकोर्ट से जुड़ी सुनवाई एक बार फिर आगे बढ़ गई है। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर में लंबित याचिका में अब अगली सुनवाई 16 सितंबर 2026 को तय की गई है।

ई-कोर्ट्स पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह मामला वर्ष 2020 से न्यायालय में लंबित है। याचिका क्रमांक ष्ठ्ठ-28580/2020 में परिवादी पायल अग्रवाल द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, बैंक के अधिकारियों एवं भीलवाड़ा महिला अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को पक्षकार बनाया गया है।

हाईकोर्ट रिकॉर्ड के मुताबिक मामला फिलहाल 'फॉर एडमिशन-नोटिस सर्व्ड' की स्थिति में है। यानी संबंधित पक्षों को नोटिस तामील हो चुके हैं, लेकिन मामले पर अंतिम सुनवाई अभी बाकी है।

मामले की सुनवाई राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर पीठ में चल रही है। रिकॉर्ड में आरबीआई, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, जनरल मैनेजर, रजिस्ट्रार एवं भीलवाड़ा महिला अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को प्रतिवादी के रूप में दर्शाया गया है।

### बैंक प्रकरण को लेकर फिर बढ़ी चर्चाएं

भीलवाड़ा महिला अर्बन बैंक से जुड़े मामलों को लेकर पहले भी शहर में लगातार चर्चाएं होती रही हैं। अब हाईकोर्ट में अगली तारीख आने के बाद एक बार फिर बैंक प्रकरण सुर्खियों में आ गया है।

सूत्रों के अनुसार बैंक से जुड़े कई निवेशक और खाताधारक इस मामले की सुनवाई पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं अगली सुनवाई में कोर्ट का रुख क्या रहेगा, इसको लेकर भी कानूनी हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# संजय कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल ने किया नवनिर्वाचित अध्यक्ष डाड एवं सचिव मुंदड़ा का सम्मान

**तिलक, माला, शाल एवं पगड़ी पहनाकर किया अभिनंदन, अधिक मास पर कच्ची बस्ती में बच्चों को वितरित की सामग्री**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** संजय कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्यामलाल डाड एवं सचिव कैलाश मुंदड़ा का सम्मान एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। महिला मंडल की ओर से दोनों पदाधिकारियों का तिलक, माला, शाल एवं पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महिला मंडल की अध्यक्ष अनुपमा मंत्री ने सभी अतिथियों एवं उपस्थतजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला मंडल की सदस्याओं ने समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। सभी महिलाओं ने उत्साह एवं एकजुटता के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं मंत्री को शुभकामनाएँ प्रेषित की। साथ ही युवा संगठन क्रिकेट टीम के आशीष लढा, कपिल बाहेती, अखिल झंवर, विकास कोठारी, हर्षित कोठारी द्वारा भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष और मंत्री का माला एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मधु लढ़ा, रेणु कोगटा, जतन हिंगड़, मधु बहेडिया, मीता अटल, आशा डाड, प्रियंका मालू, अंजू मंडोवरा, टोनिका झंवर, अदिति लढा, शिखा सोमानी, कोमल सोनी, डिम्पल डाड, शिवानी मूंदड़ा, अर्चना असावा, ज्योति गगड, अंजू बांगड़, रंजना गट्टाणी, किरण समदानी, अल्का लढा, स्नेह लता समदानी उपस्थित रही। अंत में अध्यक्ष एवं मंत्री ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया और समाज हित में होने वाले प्रत्येक कार्य में महिला मंडल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने का संकल्प लिया।' उसके बाद सभी संजय कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल की सदस्याओ ने कच्ची बस्ती में जाकर अधिक मास के उपलक्ष में बच्चों को शीतल पेय, बिस्किट एवं स्टेशनरी वितरण का कार्यक्रम किया।



# मॉडल स्कूल आसींद ने रचा इतिहास, एनएमएमएस परीक्षा में 18 विद्यार्थियों का चयन, 7 साल में 80 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

## राजस्थान में एक विद्यालय से सर्वाधिक चयन

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, आसींद ने नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप (ह्रस्नस्) परीक्षा 2026 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए राजस्थान में नया रिकॉर्ड बना दिया। विद्यालय से इस वर्ष 18 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जो प्रदेश में किसी एक विद्यालय से सर्वाधिक चयन माना जा रहा है।

प्रधानाचार्य डॉ. तुलसीराम कुमावत ने बताया कि छात्रा चंदा कुमावत ने 141 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय पिछले सात वर्षों से लगातार उत्कृष्ट परिणाम देता आ रहा है और अब तक कुल 80 विद्यार्थियों का चयन करवा चुका है।




### आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाओं को मिलेगा सहारा

एनएमएमएस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों की पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलती है।

### शिक्षकों की मेहनत लाई रंग

इस सफलता के पीछे विद्यालय के शिक्षकों की विशेष मेहनत रही। शिक्षक सुरेशचंद्र पुरोहित ने जुलाई माह से ही अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर विद्यार्थियों को तैयारी करवाई। उनके साथ डॉ. विकास टेलर, महावीर प्रसाद रैगर, संजय कुमार, रामसिंह एवं रामस्वरूप जोशी ने भी मार्गदर्शन दिया।

### ये विद्यार्थी हुए चयनित

आयुषी साहू, आदर्शिनी टेलर, अनीता साहू, अनुसूया कुमावत, चंचल रैगर, चंदा कुमावत, दीपिका राजावत, दिव्या गुर्जर, दिव्या कुमावत, हंसु कुमावत, हर्षिता शर्मा, इशिका साहू, कोमल रेबारी, कृष्णा रेबारी, लक्ष्यराज सिंह सोलंकी, माही बोर्दिया, प्रदीप माली एवं रिंकू प्रजापत।

परीक्षा परिणाम घोषित होने पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अर्जुनलाल बुनकर ने विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए इसे आसींद क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# जल संरक्षण और जनसेवा के ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्त्रोतः लोकेश टाक

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** महात्मा ज्योतिबा फुले मूर्ति अनावरण के आगामी 13 जून को आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों एवं सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए श्रीअविनाश गहलोत फाउंडेशन के तत्वावधान में कोटड़ी के नया बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी परिसर में जल वाटिका एवं शीतल पेयजल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए आमजन, राहगीरों एवं व्यापारियों को राहत देने के उद्देश्य से माली समाज कोटड़ी द्वारा यह सेवा शुरू की गई।



कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के जल संरक्षण संबंधी जनजागरूकता अभियानों की भावना को आगे बढ़ाते हुए वंदे गंगा जल संरक्षण जल अभियान 2026 के अंतर्गत जल बचाने, जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटड़ी विकास अधिकारी लोकेश टॉक ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि जनभागीदारी का विषय बन चुका है। समाज के संगठन जब सेवा और जागरूकता के कार्यों में आगे आते हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव दूर तक दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान और जल संकट की चुनौतियों के बीच इस प्रकार की जल सेवा एवं जनहित पहल समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जल बचाने, वर्षा जल संग्रहण और पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना आज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रगति प्रसार अधिकारी दिलीप सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य धर्मचंद जीनगर एवं भाजपा कोटड़ी मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सहयोग और जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में मौली खोलकर जल वाटिका का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर माली सैनी विकास संस्था के प्रदेश महासचिव संपत कुमार सोपरिया ने संस्था एवं फाउंडेशन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि श्री अविनाश गहलोत फाउंडेशन निरंतर निस्वार्थ मानव सेवा, जीव-जंतु सेवा, गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध करवाने तथा समाज में शिक्षा और जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा हर गांव-हर घर एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी गति दी जा रही है। उन्होंने बताया कि आगामी 13 जून को आयोजित होने वाला महात्मा ज्योतिबा फुले मूर्ति अनावरण समारोह समाज के लिए गौरव का अवसर होगा तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर तैयारियां जारी हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं सामाजिक सेवा की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक भेरूलाल सोपरिया, शंकरलाल तुनवाल, छितरलाल लावड़ा, जगदीशचंद्र जजावरा, श्रीराम सैनी, महावीर सोपरिया, भैरूलाल तुनवाल, प्रभुलाल जाझावरा, देवकरण सोपरिया, सोहनलाल कच्छावा, ओमप्रकाश श्रीवाल, कैलाश सोपरिया, गोपाल सोपरिया, गणपत चौहान, पुष्कर सोपरिया, हजारीलाल कच्छावा, कन्हैयालाल कच्छावा, गोविंद लावड़ा, घीसूलाल लावड़ा सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पेयजल उपलब्ध कराना नहीं बल्कि समाज में सेवा, संवेदनशीलता और जल संरक्षण के प्रति स्थायी जनजागरूकता विकसित करना भी रहा।

# रीको ओद्योगिक क्षेत्र खांखला में युवाओं व उद्यमियों के लिए जागरूकता सेमिनार

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** ग्राम पंचायत सभा भवन मे खांखला व आस पास के क्षेत्र के युवाओं एवं उद्योगपतियों के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ऑर्गेनाइज़र एवं ट्रेनर जगदीश व्यास के नेतृत्व में किया गया। सेमिनार में क्षेत्र के युवा, व्यापारी एवं उद्यमियों सहित कुल 53 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सेमिनार के दौरान राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और नीतियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं स्थानीय उद्यमियों को नए उद्योग एवं व्यापार के अवसरों से अवगत कराना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा ।जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।



सेमिनार के वक्ता जगदीश व्यास ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि सही जानकारी और योजनाओं का लाभ लिया जाए तो युवा नए उद्योग स्थापित कर न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सकते हैं।सेमिनार की अध्यक्षता रतन सोनी प्रशासक ग्राम पंचायत खांखला ने की।

# स्वच्छता के बिना विकास अधूरा: धार्मिक नगरी नाथद्वारा को स्वच्छ बनाने के लिए उठाने होंगे कड़े कदम - के.के. गुप्ता

स्मार्ट हलचल | नाथद्वारा/राजसमंद

स्वच्छ भारत मिशन शहर 2.0 के तहत राजस्थान सरकार द्वारा नियुक्त प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के.के. गुप्ता ने मंगलवार को प्रदेश की प्रमुख धार्मिक नगरी नाथद्वारा में निकाय अधिकारियों की स्वच्छता कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छता के बिना प्रदेश का विकास अधूरा है, और नाथद्वारा को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।



### मुख्यमंत्री की मंशा और 'जीरो टॉलरेंस' नीति

गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों को स्वच्छ, सुंदर बनाया जाए और उन्हें संस्कृति, आस्था तथा पर्यटन से जोड़कर नई पहचान दी जाए। उन्होंने धार्मिक स्थलों को विशेष रूप से प्लास्टिक मुक्त बनाने पर जोर दिया, क्योंकि 'सिंगल यूज प्लास्टिक' आस्था स्थलों की गरिमा और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचाता है।

उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अभियान 'जीरो टॉलरेंस' नीति के साथ चलाया जाएगा। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ब्रांड एंबेसडर गुप्ता ने 'राइजिंग राजस्थान' कार्यक्रम (दिसंबर 2025) के तहत हुए लगभग 30,000 करोड़ रुपए के निवेश समझौतों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य तेजी से विकसित हो रहा है, लेकिन स्वच्छता के अभाव में ये प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने स्वच्छता को स्वस्थ और विकसित समाज की आधारशिला बताया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि गंदगी के कारण राज्य सरकार को मुख्यमंत्री आयुष्मान बीमा योजना के तहत प्रतिवर्ष लगभग 3,000 करोड़ रुपए बीमारियों पर खर्च करने पड़ते हैं। बेहतर स्वच्छता से बीमारियों में कमी आएगी और यह बड़ी धनराशि अन्य विकास कार्यों में उपयोग की जा सकेगी।

### स्वच्छता अभियान के पांच प्रमुख घटक

गुप्ता ने स्वच्छ भारत मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए निकाय प्रशासन और नागरिकों से जनसहभागिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया और पाँच प्रमुख घटकों पर जोर दिया: घर-घर कचरा संग्रहण: शत-प्रतिशत कचरा संग्रहण सुबह 10 बजे से पूर्व हो। कचरे को स्रोत पर ही गीला और सूखा अलग किया जाए, साथ ही सूक्ष्म मॉनिटरिंग के लिए जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं। नाइट स्वीपिंग: वाणिज्यिक क्षेत्रों में 365 दिन, रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक रात्रिकालीन सफाई होनी चाहिए। प्रत्येक 400 मीटर क्षेत्र में एक कर्मचारी की तैनाती सुनिश्चित की जाए और उनकी सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। सार्वजनिक शौचालय: शौचालयों की दिन में तीन बार सफाई हो। अधिकारियों और स्वास्थ्य निरीक्षकों को स्वयं दिन में एक बार सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करना चाहिए। विद्यालयों के शौचालयों की भी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। प्लास्टिक थैली रोकथाम: पर्यावरण, स्वास्थ्य और पशुओं के लिए हानिकारक प्लास्टिक थैली के उपयोग को पूरी तरह हतोत्साहित किया जाए। प्लास्टिक थैली का उत्पादन और व्यापार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। खाली प्लॉट्स पर कार्रवाई: खाली प्लॉट्स को कचरे का केंद्र बनने से रोका जाए। प्लॉट मालिकों को गंदगी साफ करवाकर बाउण्ड्री करवाने के लिए पाबंद करें। पालन न होने पर निगम सफाई करवाकर मालिक से लागत का 10 गुना वसूले और राशि जमा न होने पर प्लॉट को सीज किया जाए।

### अन्य आवश्यक निर्देश

उन्होंने अन्य आवश्यक बिंदुओं पर निर्देश देते हुए कहा कि शहर में शत-प्रतिशत स्ट्रीट लाइट जलनी चाहिए, बाग-बगीचों में झूले और फव्वारे कार्यशील हों। निर्माण सामग्री से सड़कें और नालियाँ बाधित नहीं होनी चाहिए। बिना लाइसेंस के मांस की दुकानों को बंद करवाया जाए। इसके अतिरिक्त, डिवाइडर पर मिट्टी या कचरा नहीं हो तथा सरकारी सम्पत्तियों पर पोस्टर चिपके नहीं होने चाहिए। नई कॉलोनियों में सड़क-नाली आदि सुविधाओं के विकास के बाद ही भूरूपांतरण किया जाए।

# शहर की पहचान बचाने एवं रोजी रोटी के लिए सड़कों पर उतरे शहरवासी

**पूर्व विधायक मेघवाल ने फैक्ट्री संचालन को पुनः शुरू करने की दी चेतावनी**



स्मार्ट हलचल

**लाखेरी।** लाखेरी की ऐतिहासिक सीमेंट फैक्ट्री बंद होने से हजारों लोगों की आजीविका पर संकट मंडरा गया। सीमेंट फैक्ट्री को पुनः शुरू करवाने को लेकर पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल के नेतृत्व में मजदूरों एवं आमजन ने उपखंड अधिकारी को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री एवं उद्योग मंत्री तथा कंपनी प्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा, और एसीसी अड़ाणी फैक्ट्री के शीघ्र संचालन की मांग की। मंगलवार को लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और भीषण गर्मी में पैदल रैली निकालकर उपखंड मुख्यालय पहुंचे जहां आमसभा कर सभी संबंधित अधिकारियों एवं सरकार को चेतावनी दी कि किसी भी सूरत में लाखेरी एसीसी अडाणी सीमेंट फैक्ट्री को बंद नहीं होने देंगे चाहे इसके लिए कितनी लंबी लड़ाई लड़ना पड़े। जिसकी शुरुआत आज पैदल मार्च करके हो गई यदि जल्द सकारात्मक परिणाम नहीं मिलता है,तो सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करना पड़े। फैक्ट्री बंद होने से व्यापारियों, परिवहन, मजदूरों आदि लोगों पर असर पड़ा। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश सैनी, गिरजा शंकर क्षृंगी, बुद्धि प्रकाश मीणा भोले पारेता, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता सहित आमजन मौजूद रहे।

# डॉ. बी.एल. मीणा, आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, यातायात, राजस्थान जयपुर द्वारा किया गया जिले का वार्षिक निरीक्षण

स्मार्ट हलचल | बूंदी

डॉ. बी.एल. मीणा, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (यातायात), राजस्थान जयपुर द्वारा जिला बून्दी का दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण दिनांक 26 मई 2026 से 27 मई 2026 तक प्रस्तावित है। इसी क्रम में प्रथम दिवस को जिला मुख्यालय पर विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विस्तृत निरीक्षण किया गया।



### सेरेमोनियल परेड एवं निरीक्षण

पुलिस पुलिस परेड ग्राउंड बून्दी में भव्य सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया, जिसकी कमान अवनीश कुमार शर्मा, आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला बून्दी द्वारा संभाली गई। परेड में जिले के समस्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक एवं थानाधिकारीगण उपस्थित रहे। एडीजीपी द्वारा परेड का निरीक्षण कर सलामी ली गई तथा जवानों के अनुशासन, एकरूपता एवं दक्षता की सराहना की गई।

### विभिन्न डेमो का अवलोकन

निरीक्षण के दौरान पुलिस बल द्वारा प्रस्तुत विभिन्न ऑपरेशनल डेमो का अवलोकन किया गया, जिनमें– स्क्वॉड ड्रिल, रॉयट कंट्रोल ड्रिल, क्राइम सीन मैनेजमेंट डेमो, नाकाबंदी का लाइव डेमो शामिल रहे। इन प्रदर्शनों के माध्यम से पुलिस की तत्परता, तकनीकी दक्षता एवं आपदा/कानून-व्यवस्था से निपटने की क्षमता का प्रदर्शन किया गया।

### पुलिस लाइन का निरीक्षण

एडीजीपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित विभिन्न इकाइयों का गहन निरीक्षण किया गया, जिनमें– क्वार्टर गार्ड, कोत (स्टोर), पुलिस कैंटीन, मैस, एमटी शाखा (वाहन शाखा) आदि शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### उद्घाटन कार्यक्रम

इस अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में नवनिर्मित पुस्तकालय भवन एवं महिला विश्राम गृह का विधिवत उद्घाटन किया गया। इन सुविधाओं के प्रारंभ होने से पुलिस कार्मिकों के बौद्धिक विकास एवं महिला कर्मचारियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। संपर्क सभा का आयोजन:- निरीक्षण उपरांत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक संपर्क सभा आयोजित की गई। सभा के दौरान एडीजीपी महोदय द्वारा उपस्थित कार्मिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों के बारे में जानकारी ली गई तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

### कार्यालय निरीक्षण एवं क्राइम मीटिंग

इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही जिले के समस्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृताधिकारी एवं थानाधिकारियों की विस्तृत क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ता एवं जनविश्वास बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। वार्षिक निरीक्षण के माध्यम से जिला पुलिस बून्दी की कार्यप्रणाली, संसाधनों एवं व्यवस्थाओं का व्यापक मूल्यांकन किया गया तथा भविष्य में और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनहितकारी पुलिसिंग सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## बूँदी नगर परिषद के लिए जिला कलक्टर प्रशासक नियुक्त

स्मार्ट हलचल | बूंदी

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर अतिरिक्त जिला कलक्टर के स्थान पर अब जिला कलक्टर को बूंदी नगर परिषद का प्रशासक नियुक्त किया हैं। जब तक नगर परिषद में नए निर्वाचित बोर्ड का गठन नहीं हो जाता, तब तक जिला कलक्टर ही इस जिम्मेदारी को संभालेंगे। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार, पूर्व में 23 जनवरी 2026 को जारी विभागीय अधिसूचना के तहत नगर परिषद क्षेत्र से संबंधित अतिरिक्त जिला कलक्टर को प्रशासक नियुक्त किया गया था। प्रशासनिक कारणों से इस व्यवस्था में बदलाव किया गया हैं और बूंदी जिला कलक्टर को प्राधिकारी/प्रशासक नियुक्त किया गया हैं। आदेशानुसार प्रशासक के रूप में जिला कलक्टर नगर परिषद में निर्वाचित बोर्ड के गठन होने तक परिषद की सभी शक्तियों का प्रयोग करेंगे।

# महिलाओं के लिए 19 लाख में निर्मित पिंक टायलेट बना शो पीस

स्मार्ट हलचल | बूंदी

राजस्थान रोडवेज बस स्टैंड बूंदी में प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2 के अंतर्गत महिलाओं की सुविधा के लिए 19 लाख में बनाया गया पिंक टायलेट शो पीस बन कर खडा है।



जब की बस स्टैंड बूंदी में महिलाओं की सुविधा के लिए बनाया गया पींक टायलेट पूर्णतः कम्पलीट है।ओर महिलाऐ खुले में टायलेट करने को मजबूर हैं। इस तरह के टायलेट महिलाओं को बस स्टैंड पर सम्मान जनक सुविधा निशुल्क उपलब्ध हो ऐसा सरकार का लक्ष्य है। लेकिन नगरपरिषद की लापरवाही की वजह से यह पींक टायलेट जो प्रधानमंत्री स्वच्छ मिशन शहरी 2 योजना के अंतर्गत बनाया गया है, महिलाएं उपयोग में नहीं ले पा रही।

पहले नगर परिषद का बहाना यह था कि पानी ओर बिजली की सुविधा नहीं है। लेकिन अब यह सभी सुविधाऐ भी कम्पलीट हुए एक माह गुजर गया है। लेकिन फिर भी टायलेट चालू नहीं होने के कारण नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। इसलिए अब जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देना होगा जब ही यह टायलेट चालू हो सकता है।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति द्वारा पुरुषोत्तम मास में गौ सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की ओर से पुरुषोत्तम मास के अवसर पर गौ सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति की सदस्यों ने गणेश मंदिर में चल रहे शिविर में पहुंचकर बच्चों को गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के समर्थन में शपथ दिलवाई। साथ ही सभी को पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने का संकल्प भी कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बढ़ती गर्मी एवं पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग नहीं करने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा घर एवं आसपास साफ-सफाई रखने का संदेश दिया गया।



समिति की सदस्य सरोज गुप्ता द्वारा गौ माता के लिए घर-घर से दो-दो रोटियां बनवाकर मंगवाई गईं, जिन्हें एकत्रित किया गया। इसके पश्चात समिति की सभी सदस्य गौशाला पहुंचीं, जहां गायों को साड़ी ओढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई तथा सवामणी का आयोजन किया गया। गायों के लिए चारे की व्यवस्था भी करवाई गई। महिलाओं ने अपने घरों से लापसी, गुड़, रोटी, आलू एवं अन्य सब्जियां लाकर गौ माता को खिलाईं।

इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी जाखेटिया, सचिव रजनी श्रौतीय, कोषाध्यक्ष लता मूंदड़ा, संस्थापक अध्यक्ष मंजू भराड़िया, गंगा गुप्ता, राजेश बिड़ला, अलका भूतड़ा, आशा काग्या, नीतू काग्या एवं सुशीला भूतड़ा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

# त्रिवेणी में चौखला सेन समाज के चुनाव सम्पन्न विकास कार्यों के लिए 1.70 लाख की घोषणा

**सेन महाराज और नारायणी माता मंदिर परिसर में हुई आम बैठक, समाज सुधार और सीसीटीवी कैमरे लगाने का लिया गया निर्णय**

स्मार्ट हलचल | त्रिवेणी

मांडलगढ़ क्षेत्र के सुप्रसिद्ध त्रिवेणी सेन समाज मंदिर परिसर पर आज आम चौखला सेन समाज की एक महत्वपूर्ण और वृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों और आम जनमानस की उपस्थिति में पूर्णतः लोकतांत्रिक व सर्वसम्मति के माहौल में नई कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न कराए गए। इसके साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और सामाजिक सुधारों पर विस्तृत चर्चा की गई।



**भामाशाहों ने दिखाई उदारता, मंदिर विकास के लिए खुले हाथ-** बैठक के दौरान समाज के विकास कार्यों को गति देने के लिए भामाशाहों द्वारा कुल 1,70,000 रुपये (एक लाख सत्तर हजार रुपये) की विकास राशि देने की घोषणा की गई, जिसका उपस्थित समाजजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। इसके साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानी का कूलर, पंखे लगाने तथा सुरक्षा के लिहाज से पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

### सेन महाराज और नारायणी माता के दर्शन के साथ शुरू हुई प्रक्रिया

इससे पूर्व, प्रातः 11:00 बजे सर्वप्रथम सेन महाराज और नारायणी माता मंदिर पर समस्त आम चौखला समाज के लोगों ने ढोक लगाई। इसके बाद सर्वसम्मति से अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी के गठन हेतु सुझाव आमंत्रित किए गए। गहन विचार-विमर्श के बाद सभी पदों पर निर्विरोध और आम सहमति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

# पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजन देंगे श्रद्धासुमन

स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा।** स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार पंडित जवाहर लाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार, 27 मई को निंबाहेड़ा नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पेच एरिया स्थित कांग्रेस कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नगर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नितेश लोट ने जानकारी देते हुए बताया कि यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के नेतृत्व में प्रातः 11:15 बजे माल गोदाम रोड स्थित नेहरू पार्क में आयोजित होगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता बालकिशन अहीर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान नेहरू पार्क में स्थापित पंडित जवाहरलाल नेहरू की आदमकद प्रतिमा पर कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे।

# हंसेश्वर गिरी महाराज की स्मृति में होगा दो दिवसीय धार्मिक आयोजन

**2 जून को भव्य जागरण, 3 जून को विशाल पोषड़ी भंडारा; संत-महात्माओं व श्रद्धालुओं का होगा जुटान**

स्मार्ट हलचल | सलूंबर

क्षेत्र के प्रसिद्ध शिव शक्ति पीठ आश्रम, ग्राम सेरिया में परम पूज्य गुरुदेव श्री 108 श्री हंसेश्वर गिरी जी महाराज (हंस गिरी जी महाराज) के ब्रह्मलीन होने पर श्रद्धांजलि स्वरूप दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर संत समाज एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आश्रम परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



आयोजन समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार 2 जून 2026, मंगलवार को रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन होगा। इसमें संत-महात्माओं के सान्निध्य में भजन संध्या, सत्संग एवं धार्मिक प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 3 जून 2026, बुधवार को विशाल पोषड़ी भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के प्रसादी ग्रहण करने की संभावना जताई जा रही है।

कार्यक्रम दादा दरबार सिद्धनाथ महादेव के गादीपति पूज्य महंत श्री मुनेश्वर गिरी जी महाराज की अध्यक्षता में संपन्न होगा। आयोजन समिति ने बताया कि पूज्य गुरुदेव हंसेश्वर गिरी जी महाराज ने अपने जीवनकाल में धर्म, अध्यात्म एवं मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने समाज को सद्भाव, भक्ति और सेवा का संदेश दिया। उनके ब्रह्मलीन होने के बाद श्रद्धालुओं में गहरा शोक व्याप्त है तथा उनकी पुण्य स्मृति में यह आयोजन रखा गया है।

पोस्टर में संत परंपरा के पूज्य संतों के चित्रों के साथ श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है। आयोजन समिति ने बताया कि दूर-दराज क्षेत्रों से भी संतजन एवं भक्तगण कार्यक्रम में शामिल होंगे। आश्रम में श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन एवं पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

महंत श्री शुभ गिरी जी महाराज एवं समस्त भक्तगण, शिव शक्ति पीठ आश्रम ग्राम सेरिया द्वारा श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के अनुसार यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और संत परंपरा के प्रति समर्पण का प्रतीक बनेगा।

# चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ ने किया राष्ट्रीय खेल हस्तियों का भव्य स्वागत, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

**एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे एवं राजस्थान फुटबॉल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत के स्वागत में उमड़ा फुटबॉल प्रेमियों का जनसैलाब**

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

भारतीय फुटबॉल जगत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार सक्रिय 'ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन' (ढ्ढस्नस्न) के अध्यक्ष एवं 'इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन' के संयुक्त सचिव कल्याण चौबे तथा राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह शेखावत के चित्तौड़गढ़ आगमन पर जिला फुटबॉल संघ की ओर से ऐतिहासिक स्वागत किया गया। जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना के नेतृत्व में दोनों खेल दिग्गजों का महाराणा प्रताप एयरपोर्ट, डबोक पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान फुटबॉल खेल के प्रति खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

जिला फुटबॉल संघ के सचिव फैसल खान ने बताया कि अध्यक्ष पूरण आंजना की ओर से आयोजित इस सम्मान समारोह में संघ के पदाधिकारियों, स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने अतिथियों का पारंपरिक साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान पूरा परिसर खेल भावना, अनुशासन और युवा ऊर्जा के अद्भुत समन्वय से सराबोर नजर आया। राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रशासकों को अपने बीच पाकर युवा खिलाड़ी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे।



### खेल विकास और ग्रामीण प्रतिभाओं को तराशने पर हुई विस्तृत चर्चा

कार्यक्रम के दौरान चित्तौड़गढ़ जिले सहित पूरे प्रदेश में फुटबॉल खेल के विकास, ग्रामीण अंचलों की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने, खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा युवाओं को खेलों से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण और दूरगामी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

अतिथियों ने जिला फुटबॉल संघ द्वारा लगातार आयोजित की जा रही खेल गतिविधियों एवं स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्थान में फुटबॉल का भविष्य बेहद उज्ज्वल है और यहां के युवाओं में अपार प्रतिभा मौजूद है, बस उसे सही दिशा और अवसरों की जरूरत है।

### खेल जगत के दिग्गजों और पदाधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

इस ऐतिहासिक स्वागत समारोह के अवसर पर जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त सचिव धर्मेंद्र सिंह तंवर, शारीरिक शिक्षक शकील मंसूरी, राजस्थान फुटबॉल संघ रेफरी बोर्ड से अरशद खान एवं रिजवान मंसूरी सहित खेल जगत के कई गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

वहीं, क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाले संतोष ट्रॉफी खिलाड़ी शाहिद हुसैन सहित प्रमुख खिलाड़ी ओमनाथ जी, लखन नाथ, वसीम, नवदीप, अजय, मोइन, इब्राहिम, सूर्यवीर, सुनील, बंटी, इमरान, दिलीप, पुष्कर, अकरम एवं रत्नेश सनाढ्य ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अतिथियों का स्वागत किया और खेल विकास का संकल्प लिया। खेल प्रेमियों के अनुसार, जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित यह स्वागत समारोह मेवाड़ के खेल जगत में लंबे समय तक एक यादगार पल के रूप में याद किया जाएगा।

> 'खेल में अनुशासन, कड़ी मेहनत और समर्पण ही सफलता की असली कुंजी है। राजस्थान के युवाओं में फुटबॉल को लेकर जो जुनून है, वह इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाएगा। '
> **-कल्याण चौबे, अध्यक्ष**
>
> 'राजस्थान फुटबॉल संघ प्रदेश में इस खेल को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक पहुंचाने और जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर व अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। '
> **-दिलीप सिंह शेखावत, सचिव (राजस्थान फुटबॉल संघ)**

## वंदे गंगा जल संरक्षण अभियानः छात्रों ने ली जल संरक्षण की शपथ



स्मार्ट हलचल| उदयपुर

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट उदयपुर में गंगा दशमी के अवसर पर 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान 'के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । संस्था प्रधान शीला काहाल्या के अनुसार राजस्थान सरकार द्वारा 25 मई से 5 जून 2026 तक यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को संस्थान के कार्मिकों के साथ ही डीएलएड छात्रों द्वारा जल संरक्षण की शपथ ली गई।

इस अवसर पर प्राध्यापक हरिदत्त शर्मा द्वारा गंगा दशमी के महत्त्व एवं जल संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही आगामी हल्दीघाटी युध्य की 450वीं वर्षगांव के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमो की चर्चा भी की गई। इस अवसर पर पी एस टी ई की प्रभागाध्यक्ष डॉ अंजली जैन एवं सह प्रभारी सुनिल बिश्नोई उपस्थत रहे।

### ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सांगोद में विस्थापित मारवाड़ा परिवारों से की मुलाकात

# सर्वसुविधायुक्त 'महाराणा प्रताप पुनर्वास कॉलोनी' में आवास और सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की

स्मार्ट हलचल|बी एम राठौर

**सांगोद।** सांगोद में उपखण्ड कार्यालय (मिनी सचिवालय) के सामने से प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के बाद बेघर हुए गरीब मारवाड़ा (मारूभाट) परिवारों के सुव्यवस्थित पुनर्वास के लिए राज्य सरकार ने बेहद संवेदनशील और त्वरित कदम उठाए हैं। प्रभावित परिवारों को संबल देने के ध्येय के साथ प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने इन परिवारों के बीच पहुँचकर उनसे आत्मीय मुलाकात की। प्रभावितों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनते हुए मंत्री नागर ने विस्थापितों के लिए एक आधुनिक सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस राशि से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया जाएगा, ताकि जब तक इन विस्थापित परिवारों के स्वयं के पक्के मकान बनकर तैयार नहीं हो जाते, तब तक वे यहाँ पूरी सुगमता, गरिमा और सुरक्षा के साथ अपना जीवन-यापन कर सकें।



मंत्री हीरालाल नागर ने इस अवसर पर पुनर्वास की विस्तृत रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि राज्य सरकार हर गरीब और जरूरतमंद के साथ खड़ी है। इस पूरी पुनर्वास प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और आधुनिक रूप देने के लिए प्रशासन द्वारा सांगोद के खेराई बीड़ क्षेत्र में सभी मूलभूत आधुनिक सुविधाओं से युक्त 'महाराणा प्रताप पुनर्वास कॉलोनी' को विकसित किया गया है। स्थानीय नगर पालिका प्रशासन ने युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए इस नई कॉलोनी का पूरा खाका तैयार किया है। इसके साथ ही कॉलोनी में बिजली, पानी, सड़क और ड्रेनेज जैसी सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। सरकार ने यह पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है कि सभी विस्थापितों को बिना किसी परेशानी के वैकल्पिक भूखंड सौंपे जाएं और उनके ठहरने के उचित प्रबंध हों। इस पूरी पुनर्वास योजना के अंतर्गत अब तक प्रभावित मारवाड़ा समाज के कुल 39 परिवारों को पट्टों का वितरण भी किया जा चुका है। इन परिवारों को आत्मनिर्भर और सुरक्षित भविष्य देने के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 2.50 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करा रही है, ताकि ये सभी जरूरतमंद परिवार जल्द से जल्द अपने स्वयं के पक्के और सुरक्षित आशियाने का निर्माण पूरा कर मुख्यधारा से जुड़ सकें।

### पैदल घूमे, लोगों से मिलकर हाल चाल जाने

अपने सांगोद दौरे के दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कस्बे का व्यापक दौरा किया और आमजन की समस्याओं व अभाव अभियोगों को बेहद गंभीरता से सुना। वे कस्बे के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल भ्रमण पर निकले और स्थानीय निवासियों व दुकानदारों से सीधा संवाद स्थापित किया। संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मंत्री नागर क्षेत्र के बीमार बुजुर्गों से मिलने उनके घर पहुंचे। उनकी सेहत का हाल-चाल जाना और त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वे क्षेत्र के शोक संतप्त परिवारों के घर भी गए, जहाँ उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस पैदल भ्रमण के दौरान आम जनता ने भी अपने जनप्रतिनिधि का गर्मजोशी से स्वागत किया और त्वरित राहत कार्यों के लिए सरकार का आभार जताया।

### पुलिस चौकी के जर्जर भवन को तोड़कर बनाएं नया भवन

इसी दौरे के दौरान कस्बे की कानून व्यवस्था और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए ऊर्जा मंत्री ने एक और बड़ा कदम उठाया। कस्बे में स्थित पुलिस चौकी के सामने स्थित पुराने व जर्जर हो चुके भवन का निरीक्षण करने के बाद मंत्री नागर ने उसे तुरंत ढहाकर एक नए व आधुनिक भवन के निर्माण के निर्देश जारी किए। इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए मंत्री नागर ने स्वयं मौके का एक वीडियो बनाया और उसे जिला पुलिस अधीक्षक को भेजकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को मौके पर बुलाकर निर्देशित किया कि जर्जर भवन के स्थान पर जल्द से जल्द एक नया सुविधा युक्त भवन तैयार किया जाए। मंत्री ने वहाँ तैनात पुलिस कर्मियों को भी आश्वस्त किया कि नया और आधुनिक भवन भी पूरी तरह से पुलिस विभाग के पास ही रहेगा। जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## 108 एंबुलेंस के बेस्ट पायलट प्रभु प्रजापत राज्य स्तर पर सम्मानित



स्मार्ट हलचल

**मांडल।** राजस्थान सरकार द्वारा संचालित 108 जीवन वाहिनी एंबुलेंस सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पायलटों को पायलट दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। 108 इमरजेंसी डिपार्टमेंट, मेडिकल, पुलिस, फायर एवं जीवीके ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस जयपुर की ओर से भीलवाड़ा जिले के 108 एंबुलेंस पायलट प्रभु प्रजापत निवासी मांडल को जिला स्तर पर बेस्ट पायलट सम्मान से नवाजा गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा एवं स्टेट हेड मधुसूदन भोमिया, प्रोग्राम मैनेजर गौरव कुमार त्रिपाठी, जिला इंचार्ज ईएमई अनिल गोड़ तथा भूपेश शर्मा द्वारा प्रभु प्रजापत को स्मृति चिन्ह, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रभु प्रजापत पिछले 10 वर्षों से निस्वार्थ भाव से 108 एंबुलेंस सेवा में कार्यरत हैं। कोरोना महामारी, स्वाइन फ्लू, तेज बारिश, कड़ाके की सर्दी और भीषण गर्मी जैसी विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर कई लोगों की जिंदगी बचाने में अहम भूमिका निभाई है।

एंबुलेंस की सायरन की आवाज केवल आवाज नहीं, बल्कि किसी मरीज की उम्मीद, किसी मां की दुआ और किसी परिवार की आखिरी आस होती है। जब पूरी दुनिया सो रही होती है, तब 108 एंबुलेंस कर्मी अनजान लोगों की जिंदगी बचाने के लिए सड़कों पर दौड़ रहे होते हैं। सम्मान मिलने पर क्षेत्रवासियों एवं साथियों ने प्रभु प्रजापत को शुभकामनाएं देते हुए उनके सेवा भाव और समर्पण की सराहना की।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर स्टिकर, धार्मिक स्थलों, कॉलेजों और अस्पतालों में लगेगा

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद द्वारा हिंदू समाज की सुरक्षा और सेवा के लिए एक बड़ी पहल की गई है। परिषद ने ब्यावर से 'राष्ट्रीय हिंदू हेल्पलाइन नंबर स्टिकर अभियान' का भव्य शुभारंभ किया है। यह शुरुआत संगठन के प्रांत अध्यक्ष मुकेश सोनी के जन्मदिन के विशेष अवसर पर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांत अध्यक्ष मुकेश सोनी की गरिमामयी मौजूदगी में संगठन महामंत्री मनीष व्यास, उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, संगठन मंत्री बंटी कुमावत और सहसंगठन मंत्री कमलेश रावत ने विधिवत रूप से इस हेल्पलाइन स्टिकर का विमोचन किया।



### संस्थापक डॉ. तोगड़िया के निर्देश पर अभियान शुरू

परिषद के कोषाध्यक्ष सुनील पाड़लेचा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के संस्थापक डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के दिशा-निर्देशानुसार आज से पूरे प्रांत में यह अभियान छेड़ दिया गया है। इसके तहत आम जनता और विशेषकर महिलाओं की मदद के लिए बालिका शिक्षण संस्थानों, कॉलेजों, अस्पतालों, धार्मिक स्थलों और अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर यह हेल्पलाइन नंबर स्टिकर लगाए जाएंगे।

### 24 घंटे मिलेगी आपातकालीन सहायता

संगठन के पदाधिकारियों ने इसे हिंदू समाज की सुरक्षा और सेवा की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। इस हेल्पलाइन के जरिए किसी भी आपात स्थिति या संकट के समय पीड़ित व्यक्ति को 24 घंटे तत्काल सहायता और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। ब्यावर के साथ-साथ यह अभियान आज से ही अजमेर, किशनगढ़ और उदयपुर सहित पूरे प्रांत में एक साथ शुरू कर दिया गया है।

### ये रहे उपस्थित

इस विमोचन कार्यक्रम के दौरान टीकम छाबड़ा, विधि सलाहकार एडवोकेट सुनील दुबे, मोहित पीपाड़ा, उमेद चौहान, कपिल सोनी, एडवोकेट तुषार शर्मा, विक्की भाटी, ललित शर्मा और सुरेश सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नौतपा की तपिश भी नहीं डिगा सकी आस्था, विश्राम दिवस पर करणी कथा में उमड़ा जनसैलाब

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

नौतपा की भीषण गर्मी और तेज तपिश के बावजूद शहर में आयोजित श्री करणी कथा में श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। विश्राम दिवस होने के बावजूद कथा पांडाल भक्तों से खचाखच भरा रहा और पूरे परिसर में 'जय मां करणी' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

कथा के दौरान विश्वविख्यात करणी कथा वाचक महंत श्री डॉ. करणी प्रताप सिंह ने देशनोक धाम बसने का पावन प्रसंग सुनाया। उन्होंने मां करणी की दिव्य मूर्ति प्रतिष्ठा उत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा श्रवण के दौरान पूरा पांडाल भक्ति में लीन नजर आया।



भजन प्रवाहक किन्नू बन्ना सा ने अपनी मधुर वाणी में भजनों और चिरजाओं की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे और जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजन समिति और कुंभा ट्रस्ट की ओर से कथा पांडाल में फॉगर सिस्टम की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे पूरे परिसर में ठंडक बनी रही और श्रद्धालुओं को राहत मिली। उपस्थित लोगों ने इस सेवा व्यवस्था की सराहना की।

इस दौरान कुंभा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने महंत श्री डॉ. करणी प्रताप सिंह और भजन गायक किन्नू बन्ना सा का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में नव दुर्गा अखाड़ा की बहिनों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर अभिषेक सिंह, वीरेंद्र सिंह (गुलगांव), भेरू सिंह (समोडी), मंजू कंवर, राजावत गजराज सिंह (हाथीपुरा) सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। साथ ही कुम्भा ट्रस्ट के सचिव भगवत सिंह और पायलट बना भी मौजूद रहे।

कथा स्थल पर भक्ति, सेवा और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु मां करणी की कथा श्रवण कर स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। आयोजन ने भीषण गर्मी के बीच भी आस्था की शक्ति का प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया।

# लंदन में गूंजेगा राजस्थान का नामः राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार को 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' का अंतरराष्ट्रीय सम्मान, ब्रिटिश संसद से आया बुलावा

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** राजस्थान सरकार में सार्वजनिक निर्माण, महिला एवं बाल विकास तथा बाल अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का मान बढ़ाया है। लंदन की प्रतिष्ठित संस्था 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा उन्हें ब्रिटेन की संसद (पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर) में आयोजित होने वाले 10वें अवॉर्ड समिट के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। यह वैश्विक समारोह आगामी 26 जून 2026 को लंदन में आयोजित होगा।

### वाइस प्रेसिडेंट ने खुद सौंपा आमंत्रण पत्र

विशेष बात यह रही कि 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन' के वाइस प्रेसिडेंट सुशील गायकवाड़ ने व्यक्तिगत रूप से जयपुर पहुंचकर मंत्री डॉ. बाघमार को यह सम्मान और आमंत्रण पत्र भेंट किया। संस्था की ओर से डॉ. बाघमार द्वारा शिक्षा, समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण और जनहित में किए गए असाधारण व बहुआयामी कार्यों की खुलकर सराहना की गई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी मिल चुका है।

### प्रोफेसर से मंत्री तक का प्रेरणादायी सफर

राजनीति में आने से पहले डॉ. मंजू बाघमार ने उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में लंबे समय तक अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं। शिक्षा जगत में उनके योगदान, छात्र मार्गदर्शन और अकादमिक उपलब्धियों को हमेशा सम्मान से देखा जाता रहा है। व्यस्त राजनीतिक जीवन के बावजूद वे सामाजिक सरोकारों से लगातार जुड़ी हुई हैं। महिला शिक्षा, बाल विकास, सामाजिक जागरूकता और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए चलाए गए अभियानों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है।

### वैश्विक मंच पर बढ़ेगा देश का गौरव

संस्था द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार, डॉ. बाघमार ने अपने संवेदनशील नेतृत्व और समाज के प्रति समर्पण से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

### क्यों खास है यह आयोजन?

लंदन में होने वाले इस 10वें अवॉर्ड समिट में दुनियाभर के नामचीन मंत्री, राजनयिक, शिक्षाविद और सामाजिक नेतृत्वकर्ता जुटेंगे। ऐसे बड़े वैश्विक मंच पर डॉ. मंजू बाघमार की मौजूदगी न केवल राजस्थान बल्कि पूरे भारत के लिए गौरव का क्षण होगी।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेश के विभिन्न राजनेताओं, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं और गणमान्य नागरिकों ने मंत्री डॉ. बाघमार को बधाई देते हुए इसे राजस्थान के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

# उजसा समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन, बत्ती लाल बने अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल| गंगापुर सिटी

जवाहर नवोदय विद्यालय जाट बडौदा गंगापुर सिटी के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं की संस्था उजसा सोसायटी की नवीन कार्यकारिणी का गठन रविवार को सर्वसम्मति से किया गया उजसा के वर्तमान अध्यक्ष लाखन सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद पर बत्तीलाल मीणा उपाध्यक्ष प्रधान चंद, सचिव धीरसिंह चौधरी,कोषाध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा एवम बूंदी नवोदय प्रतिनिधि के तौर पर भुवनेश कुमार को कार्यकारिणी में चुना गया है, उजसा सोसायटी जवाहर नवोदय विद्यालय जाट बड़ौदा से पास आउट 1500 से अधिक विद्यार्थियों की एक रजिस्टर्ड संस्था है जो पे बैक टू सोसाइटी के सिद्धांतों पर कार्य करती है समिति के सदस्य न सिर्फ देश के कोने-कोने में अपनी सेवाएं दे रहे हैं अपितु विदेशों में भी अपना नाम रोशन कर रहे हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील,शिक्षक बैंकिंग,व्यवसाय आदि सभी क्षेत्रों में इसके सदस्य अपने उत्कृष्ट कार्यो से अपनी प्रतिभा को साबित कर रहे हैं नए अध्यक्ष बत्तीलाल मीना ने बताया कि उजसा के कार्यों में वृक्षारोपण, छात्रों की करियर काउंसलिंग, ब्लड डोनेशन कैंप, पक्षियों के परिंडे लगाने, मेडिकल हेल्थ कैंप, प्रशासनिक सेवाओं की कोचिंग तथा जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के कार्य प्राथमिकता पर रहेंगे।पीलोदा निवासी बत्तीलाल अभी राजस्थान कानूनगो संघ करौली के जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे है।



# आने वालें समय में राजस्थान को मिलेगी 200 नई ट्रेनों की सौगात

### राजस्थान में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर का कायाकल्प, स्टेशनों पर पिट लाइनों के विकास से ट्रेनों की संख्या होगी दोगुनी

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** राजस्थान में रेलवे की आधारभूत संरचना को आधुनिक, सुदृढ़ एवं यात्री-केंद्रित बनाने की दिशा में प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पिट लाइनों, कोचिंग टर्मिनलों, यार्ड आधुनिकीकरण, दोहरीकरण, नये परीक्षण, ट्रेक की गति में वृद्धि एवं स्टेशन पुनर्विकास जैसे अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। ट्रेनों के रखरखाव, धुलाई, निरीक्षण और तकनीकी परीक्षण की क्षमता में वृद्धि से न केवल परिचालन दक्षता बढेगी, बल्कि उत्तर पश्चिम रेलवे परिक्षेत्र में रेल यातायात वृद्धि और समग्र अवसंरचना विकास के लिए नए रास्ते भी खुलेंगे।





केंद्रीय रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने जालोर रेलवे स्टेशन पर आजादी के बाद पहली बार जालोर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाली सीधी नई रेलसेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर बताया कि आगामी समय में राजस्थान सें 200 से अधिक नई ट्रेनों के संचालन की क्षमता विकसित की जा रही है।

राजस्थान में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के चलते नई ट्रेनों की संचालन क्षमता विकसित करने हेतु प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पिट लाइनों, कोचिंग टर्मिनलों, यार्ड आधुनिकीकरण, दोहरीकरण, नये परीक्षण, ट्रेक की गति में वृद्धि एवं स्टेशन पुनर्विकास जैसे अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। राजस्थान में नई एवं विस्तारित रेल सेवाओं के संचालन से सीमावर्ती क्षेत्रों, ग्रामीण अंचलों तथा औद्योगिक क्षेत्रों को विशेष लाभ मिलेगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे अपनी रेल रखरखाव क्षमताओं के व्यापक विस्तार की योजना पर कार्य कर रहा है। रेल परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए ट्रेन रखरखाव क्षमता में वृद्धि महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, ट्रेनों के रखरखाव के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 22 रेल पिट लाइनें हैं। उल्लेखनीय है कि पिट लाइन ट्रेनों के प्राइमरी मेंटिनेंस के लिए अति आवश्य है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने रेल रखरखाव क्षमताओं का विकेन्द्रीकरण करते हुऐ विभिन्न स्थानों जैसे मदार, उमरा, लालगढ़, श्रीगंगानगर, हिसार ,सूरतगढ़ ,खातीपुरा (जयपुर), बाड़मेर, जैसलमेर स्टेशनों पर रेल रखरखाव के लिए 20 नई रेल पिट लाइनों के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है और इन कार्यों के प्रगति की उच्च स्तर पर निगरानी रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त जयपुर के निकट भट्टो की गली को मेगा कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित करने की योजना भी प्रस्तावित है। जिसमें पिट लाइन, वॉशिंग लाइन, स्टेबल लाइन, सिक लाइन जैसी अनुरक्षण सुविधाएँ विकसित की जाएगी ताकि वन्दे भारत तथा अन्य ट्रेनों के रैंक का अनुरक्षण किया जा सकेगा। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से जयपुर शहर के विस्तार को देखते हुए अधिकाधिक रेल परिवहन की सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेगी। इस व्यापक विस्तार से मौजूदा रखरखाव क्षमता लगभग दोगुनी होने की उम्मीद है, जिससे उत्तर पश्चिम रेलवे की रेल संचालन क्षमता एक तरीके से दोगुनी हो जाएगी। इससे नई रेल सेवाओं की शुरुआत के पर्याप्त अवसर पैदा होंगे। देश के विभिन्न हिस्सों में नई ट्रेनों की शुरुआत सभी यात्रियों के लिए लाभकारी होगी, जिससे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। राजस्थान में रेलवे विकास के वर्तमान कार्य आने वाले वर्षों में राज्य की परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देंगे तथा प्रदेश को देश के प्रमुख आर्थिक एवं पर्यटन केंद्रों से और अधिक मजबूती से जोड़ेंगे। आगामी समय में राजस्थान भारतीय रेल के सबसे तेज़ी से विकसित होने वाले राज्यों में अग्रणी भूमिका निभाएगा और नई ट्रेनों, आधुनिक स्टेशनों तथा सुदृढ़ रेल नेटवर्क के माध्यम से आमजन को व्यापक लाभ प्राप्त होगा।

## तपती गर्मी में धधकी चलती कार, चालक ने कूदकर बचाई जान

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड/नागौर।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मंगलवार को कालवा-डाबड़िया मार्ग पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। डाबड़िया और कालवा गांव के बीच चलती डीजल कार में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते वाहन रोक दिया और बाहर निकल गया, जिससे जनहानि टल गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम कालवा निवासी एक व्यक्ति अपनी बहन को डाबड़िया गांव छोड़कर वापस कालवा लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक कार से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते वाहन में आग भड़क उठी और कुछ ही देर में कार आग की लपटों से घिर गई। घटना के बाद मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक ने तुरंत वाहन रोककर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि आग से कार को काफी नुकसान पहुंचा है।



बताया जा रहा है कि डाबड़िया से कालवा की दूरी करीब 5 से 6 किलोमीटर है। क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के चलते वाहन अधिक गर्म हो रहे हैं। प्राथमिक तौर पर अत्यधिक गर्मी के कारण वाहन में आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं होने से ग्रामीणों और परिजनों ने राहत की सांस ली।



# एसी के साथ पंखा चलाना सही है या गलत?

## बिजली बिल बचाने का आसान तरीका

**गर्मी के मौसम में कमरे को जल्दी ठंडा करने के लिए लोग अक्सर एसी और पंखा एक साथ चला लेते हैं। हालांकि, कई लोगों के मन में यह सवाल रहता है कि क्या एसी और फैन को साथ चलाना सही है या इससे बिजली का बिल ज्यादा आता है। कुछ लोग तो यह भी मानते हैं कि पंखा चलाने से एसी पर दबाव बढ़ता है और मशीन खराब हो सकती है। लेकिन सच इसके बिल्कुल उलट है। एसी और पंखा एक-दूसरे के दुश्मन नहीं, बल्कि अच्छे साथी हैं। अगर इन्हें सही तरीके से साथ इस्तेमाल किया जाए तो कमरा जल्दी ठंडा होता है, एसी पर ज्यादा लोड नहीं पड़ता और बिली की खपत भी कम हो जसकती है।**

### कूलिंग क्यों नहीं होती

गर्मियों में कमरा काफी गर्म रहता है और ऐसे में अगर आप एसी 16-21-24 पर चलाते हैं, तो उस पर लोड ज्यादा पड़ता है और कूलिंग मन-मुताबिक नहीं होती। जब एसी पर लोड बढ़ेगा तब बिजली की खपत भी होगी और यही कारण है कि आपका बिल ज्यादा आता है।

### एसी-पंखा साथ चलाने से क्या होगा?

मान लीजिए कि आपने सिर्फ एसी चलाया हुआ है, जो कमरे की हवा को धीरे-धीरे ठंडा कर रहा है। इस प्रोसेस में समय लगेगा और करीब आधे-1 घंटे के बाद कमरा ढंग से ठंडा होगा। अगर फौरन चिल्ड करना चाहेंगे तो एसी को लो टेंपरेचर पर रखना पड़ेगा। लेकिन अगर आप साथ में 2-3 नंबर पर पंखा चला लेते हैं, तो ये कमरे की कोने-कोने की हवा को ठंडा करने में जल्दी मदद करेगा। अगर आप 24 नंबर पर एसी चला रहे हैं और साथ में 3 नंबर पर पंखा, तो कमरा जल्दी ठंडा होगा और एसी पर ज्यादा लोड नहीं आएगा।

### बिजली बिल कैसे बचेगा

जब आप कम स्पीड में एसी चलाएंगे तो बिजली का बिल खुद ही कम आएगा और एयर कंडीशनर की मशीन पर लोड भी कम पड़ेगा। पंखे के साथ आप एसी का टेंपरेचर 24-25-26 पर रख सकते हैं और ऐसे में आपका रूम बिल्कुल चिल्ड हो जाएगा।

### रात में सुकून की नींद

कई लोग एसी रातभर चलाते हैं, तो कमरे में नमी बनी रहती है या अजीब सी महक के कारण सो नहीं पाते। पंखा साथ में चलाते हैं, तो एसी से कमरे में नमी नहीं होगी और चैन की नींद आएगी। पंखे की हवा से एसी कमरे को कुछ ही देर में ठंडा कर देगा और नमी गायब हो जाएगी।

### कूलिंग टिप्स

अगर आपका कमरा काफी बड़ा है, तब आप ये तरीका अपनाकर देखें। अगर कमरा छोटा। ये दोनों चीजें आपको बेहतर कंफर्म और बैलेंस्ड है, तो एसी को 22 पर सेट करके कुछ देर के लिए चलाएं और पंखा बंद रखें। इसके बाद हल्का पंखा चलाकर एसी का टेंपरेचर कम करें। साथ ही एसी चलाने से पहले कमरे की खिड़कियां, दरवाजे बंद करें, जिससे हवा बाहर न जाएं और कमरा जल्दी कूल होकूलिंग देंगे।

# बाजार वाले पतले दूध से भी निकलेगी रोटी जितनी मोटी मलाई!



पतले दूध में मलाई पतली जमती है या फिर जम ही नहीं पाती। अगर आप भी फुल क्रीम दूध नहीं खरीदते हैं, तो हम आपको पतले दूध में गाढ़ी मलाई जमाने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं। इसके बाद आप डेयरी हो या फिर बाजार का पतला दूध सभी में रोटी जितनी मोटी मलाई जमा लेंगे।

दूध हर घर में आता है और उससे मलाई निकालकर घी भी बनाया जाता है। कई लोग मलाई ऐसे ही निकालते हैं, जो खाने या फिर कुछ और बनाने के काम में आए। लेकिन अगर आप डेयरी या फिर बाजार से पतला वाला दूध खरीदते हैं, तो मोटी मलाई का निशान दूर-दूर तक नहीं रहता। इन दूध में पतली मलाई जमती है, जो किसी काम की नहीं होती। अगर आप भी पतली मलाई जमने से परेशान रहती हैं, तो अब एक ट्रिक अपनाकर पतले और पानी मिले दूध से भी रोटी जितनी मोटी मलाई जमा सकती हैं। कई महिलाएं दूध में सिर्फ 1 चम्मच खास चीज मिलाकर मलाई को ज्यादा गाढ़ा और मोटा बना लेती हैं। खास बात ये है कि इसके लिए ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी पड़ती।

### दूध कैसे उबालें

अक्सर हम दूध को तेज आंच पर चढ़ा देते हैं और एक उबाल आते ही गैस बंद कर देते हैं। ऐसा करने से दूध अच्छी तरह पक नहीं पाता, और यही वजह होती है कि उस पर मोटी मलाई नहीं जमती। अगर आप चाहती हैं कि दूध पर बाजार जैसी गाढ़ी मलाई जमे, तो सबसे पहले दूध को हमेशा धीमी आंच पर पकाना शुरू करें। भले ही इसमें थोड़ा ज्यादा समय लगे, लेकिन धीमी आंच पर दूध अच्छे से खौलता है और उसका टेक्सचर भी बेहतर हो जाता है। जब दूध धीरे-धीरे पकते हुए पहली उबाल लेने लगे, तभी आपको अपनी सीक्रेट ट्रिक अपनानी है। इसी स्टेज पर थोड़ा-सा मिल्क पाउडर मिलाने से दूध में फैट और सॉलिड्स बढ़ जाते हैं, जिससे बाद में मलाई ज्यादा मोटी और गाढ़ी जमती है। यही छोटा-सा तरीका पतले दूध को भी मलाईदार बना देता है।



### क्या मिलाना है

दूध जब हल्की पहली उबाल लेने लगे, तब उसमें 1 चम्मच मिल्क पाउडर मिला दें। मिल्क पाउडर का स्वाद दूध में महसूस नहीं होगा, लेकिन इससे मलाई काफी गाढ़ी और मोटी जमेगी। मिल्क पाउडर डालने के बाद दूध को चम्मच से अच्छी तरह चलाएं और फिर दूसरी उबाल आने दें। इसके बाद गैस बंद कर दें और दूध को ठंडा होने दें। फिर इसे फ्रिज में रख दें। कुछ घंटों बाद आप देखेंगे कि पतले दूध पर भी मोटी मलाई जमकर ऊपर तैर रही है।

### क्यों काम करती है ये ट्रिक?

मिल्क पाउडर दूध में फैट और सॉलिड्स बढ़ाने का काम करता है। इसी वजह से मलाई ज्यादा और मोटी जमती है। अगर आप फुल क्रीम दूध नहीं लेते, तो यह तरीका सबसे आसान और असरदार है। बस ध्यान रखें कि दूध को बार-बार न चलाएं और ठंडा होने के तुरंत बाद फ्रिज में रख दें। यह तरीका आप डेयरी वाले दूध के साथ भी आसानी से आजमा सकती हैं।

# नींबू के छिलकों से आपकी तुलसी होगी घनी और स्वस्थ!



घर में लगी तुलसी सिर्फ एक पौधा नहीं, बल्कि आस्था, सेहत और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक मानी जाती है। लेकिन अक्सर लोग शिकायत करते हैं कि उनकी तुलसी ठीक से बढ़ नहीं रही, पत्तियां पीली पड़ जाती हैं या पौधा बार-बार सूखने लगता है। ऐसे में लोग महंगे फर्टिलाइजर और केमिकल का सहारा लेते हैं, जबकि इसका आसान और मुफ्त समाधान आपके किचन में ही मौजूद होता है नींबू के छिलके।

### क्यों खास है नींबू के छिलकों का इस्तेमाल?

अक्सर हम नींबू का रस निकालने के बाद उसके छिलकों को बेकार समझकर फेंक देते हैं। लेकिन यही छिलके तुलसी के लिए किसी नेचुरल टॉनिक से कम नहीं हैं। इनमें मौजूद सिट्रस ऑयल, एंटी-बैक्टीरियल गुण और पोषक तत्व पौधे की ग्रोथ को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

### कीड़ों से बचाने का प्राकृतिक तरीका

तुलसी के पौधे पर छोटे-छोटे कीड़े या चींटियां लग जाना एक आम समस्या है। नींबू के छिलकों की तेज खुशबू इन कीड़ों को दूर भगाने में मदद करती है। जब आप इन्हें मिट्टी में डालते हैं, तो यह एक नेचुरल कीटनाशक की तरह काम करते हैं और पौधे को सुरक्षित रखते हैं।

### मिट्टी को बनाते हैं ज्यादा उपजाऊ

तुलसी के पौधे को हल्की एसिडिक मिट्टी पसंद होती है। नींबू के छिलके मिट्टी के श्च॥ स्तर को संतुलित करने में मदद करते हैं, जिससे जड़ें पोषक तत्वों को बेहतर तरीके से अवशोषित कर पाती हैं। इसका असर यह होता है कि पौधा तेजी से बढ़ता है और ज्यादा हरा-भरा दिखाई देता है।

### फंगस और सड़न से बचाव

अधिक पानी या नमी के कारण तुलसी की जड़ों में फंगस लगने की समस्या हो सकती है। नींबू के छिलकों में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण इस समस्या को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही, यह मिट्टी में आने वाली बदबू को भी दूर कर देते हैं और उसे ताजा बनाए रखते हैं।

### इस्तेमाल करने के आसान तरीके

नींबू के छिलकों का सही फायदा पाने के लिए इन्हें सीधे इस्तेमाल करने के बजाय कुछ आसान तरीकों को अपनाना बेहतर होता है। आप छिलकों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर गमले की मिट्टी में हल्का दबा सकते हैं। दूसरा तरीका है, इन्हें 2-3 दिन पानी में भिगोकर उस पानी को छान लें और पौधे में डालें यह एक लिक्विड फर्टिलाइजर की तरह काम करता है। अगर लंबे समय तक इस्तेमाल करना हो, तो छिलकों को सुखाकर पीस लें और महीने में एक बार मिट्टी में मिला दें।

### इस्तेमाल करते समय रखें ये सावधानियां

ध्यान रखें कि नींबू के छिलकों का ज्यादा इस्तेमाल भी नुकसान कर सकता है। हफ्ते में एक बार से ज्यादा इसका प्रयोग न करें। अगर मिट्टी पहले से ज्यादा एसिडिक है, तो इसका उपयोग करने से बचें। साथ ही, छिलकों को हमेशा मिट्टी के अंदर दबाकर रखें, ताकि ऊपर फंगस न लगे।

# गर्मियों में शिशुओं की सेहत का रखें ख्याल, खिलाएं ये खाना



गर्मियों का मौसम में बच्चों की सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है, खास कर छोटे बच्चों का। ऐसे में पेरेंट्स अक्सर सोचते है कि बच्चों का ध्यान कैसे रखा जाएं, उन्हें गर्मियों मे खाने के लिए क्या दिया जाएं। जिससे बच्चों का शरीर स्वस्थ और हाइड्रेटिड रहे। गर्मियों में शिशुओं (0-1 साल) का आहार हल्का, पौष्टिक और शरीर को ठंडक देने वाला होना चाहिए। लेकिन क्या खिलाना है, यह बच्चे की उम्र (6 महीने से कम या ज़्यादा) पर निर्भर करता है। चलिए एक्सपर्ट से जानते हैं कि बच्चों को गर्मी में क्या खिलाना चाहिए?

### छोटे बच्चों को गर्मियों में कैसा खाना खिलाए?

गर्मियों में शिशुओं को हल्का, पौष्टिक और शरीर को ठंडक देने वाला आहार खिलाना चाहिए। एक्सपर्ट के अनुसार, गर्मी के मौसम में बच्चों को ठंडा और हाइड्रेटेड रखने के लिए हल्के, आसानी से पचने वाले और पानी से भरपूर खाने की जरूरत होती है। बच्चों को भारी खाना नहीं खिलाना चाहिए, उन्हें हल्का और जल्दी पचने वाला खाना खिलाना चाहिए।

### 6 महीने से कम उम्र के बच्चों को क्या दें?

एक्सपर्ट के मुताबिक, 6 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए तो मां का दूध ही काफी होता है। क्योंकि इसमें पहले से ही सही मात्रा में पानी और पोषक तत्व होते हैं। जब तक डॉक्टर शिशु को पानी पिलाने की सलाह न दे, उन्हें पीने के लिए पानी भी नहीं देना चाहिए।

### 6 महीने से ज्यादा के बच्चों को क्या खिलाना चाहिए?

जब बच्चा 6 महीने से ज्यादा का हो जाए तो आप धीरे-धीरे ठोस आहार शुरू कर सकते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, चावल का पानी , मूंग दाल की पतली खिचड़ी, दलिया (हल्का और पतला), फल (अच्छी तरह मैश करके), केला, सेब (उबालकर या स्टीम करके), पपीता, तरबूज (बीज निकालकर, कम मात्रा में) आप बच्चों को ये आहार दे सकते है।

### बच्चों को सब्जियां खिलाएं

बच्चों को उबली और मैश की हुई सब्जियां खिलानी चाहिए। जैसे, गाजर, लौकी, कद्दू, आलू।

### बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए ये भी दें

बच्चों को गर्मी में उबला और ठंडा किया हुआ पानी (6 महीने बाद), घर का बना छाछ (बहुत पतला, थोड़ा सा), नारियल पानी (कम मात्रा में, डॉक्टर की सलाह से) दें।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com